इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव








वर्ष- 43 अंक -275 राजनांदगांव, शनिवार 24 अगस्त 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए


## पीएम मोदी के लिए पुतिन ने रोका युद्ध, दिया आदेश : जब तक भारतीय प्रधानमंत्री यूक्रेन में, तब तक नहीं होगा हमला



नई दिल्ली। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस समय यूक्रेन दौरे पर हैं। पीएम मोदी यूक्रेनी राजधानी कीव में करीब 7 घंटे रुकेंगे पहुंचे। कीव में पीएम मोदी का भारतीय समुदाय ने शानदार स्वागत किया। पीएम मोदी यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेन्स्की से भी मिले और दोनों ने एक-दूसरे को गले भी लगाया। नों ने रूस-यूक्रेन युद्ध में मारे गए बच्चों को श्रद्धांजलि दी। दोनों ने रूस-यूक्रेन युद्ध समेत दूसरे कई अहम विषयों पर बात की। लेकिन पिछले ढाई साल से रूस और यूक्रेन के बीच जो युद्ध चल रहा है, पीएम मोदी के कीव पहुंचने के बाद से रूस की तरफ से यूक्रेन पर एक भी हमला नहीं किया गया है।

### पुतिन ने निभाई दोस्ती, सेना को दिया खास आदेश

सिर्फ भारत और रूस ही नहीं, पीएम मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी काफी अच्छे दोस्त हैं। पिछले महीने ही पीएम मोदी रूस दौरे पर भी गए थे। पुतिन तो समय-समय पर पीएम मोदी की तारीफ करने का मौका भी नहीं छोडंते। ऐसे में पीएम मोदी के यूक्रेन दौरे को ध्यान में रखते हुए पुतिन ने दोस्ती निभाई और अपनी सेना को आदेश दे दिया कि जब तक भारतीय प्रधानमंत्री यूक्रेन में हैं, तब तक यूक्रेन पर हमला नहीं किया जाएगा।

### युद्ध रुकवाने में कारगार हो सकता है पीएम मोदी का यूक्रेन दौरा

पीएम मोदी के यूक्रेन दौरे पर वेस्ट्र्न लीडर्स के साथ ही दुनियाभर की मीडिया की भी नजरें हैं। भारत और रूस के संबंध बेहद ही अच्छे हैं और यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेन्स्की समेत कई वर्ल्ड लीडर्स भी मानते हैं कि पीएम मोदी इस युद्ध को रुकवा सकते हैं। यूएन के सेक्रेटरी जनरल एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता ने आज बड़ा बयान देते हुए कहा है कि पीएम मोदी का यह यूक्रेन दौरा युद्ध रोकने में कारगार होगा।

इस युद्ध पर भारत साफ कर चुका है कि वह दोनों देशों के बीच हस्तक्षेप नहीं करेगा, लेकिन साथ ही यह भी संदेश दिया है कि किसी भी विवाद का समाधान युद्ध से नहीं, बल्कि शांति से ही निकलता है। ऐसे में पीएम मोदी का यह यूक्रेन दौरा वास्तव में ही रूस-यूक्रेन युद्ध रुकवाने में कारगार साबित हो सकता है।

### यूक्रेन संकट के शांतिपूर्ण समाधान के लिए भूमिका निभाने को भारत तैयार है - मोदी



कीव। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युद्ध में फंसे यूक्रेन को भारत की ओर से हर संभव मानवीय सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा देते हुए राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को शुक्रवार को कहा कि यूक्रेन रूस के बीच युद्ध का समाधान बातचीत के जरिए निकाला जाना चाहिए। श्री मोदी ने कहा कि भारत यूक्रेन युद्ध का बातचीत से समाधान करने के पक्ष में है और इसमें मित्र की भांति सक्रिय भूमिका निभाने के लिए हमेशा तत्पर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा राष्टों की भौगोलिक अखंडता और संप्रभुता का सम्मान किये जाने के सिद्धांत में दृढ विश्वास रखता है। यूक्रेन की एक दिवसीय यात्रा पर आए श्री मोदी ने राष्ट्रपति जेलेंस्की से बातचीत में कहा कि उन्होंने मास्को की अपनी यात्रा में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से भी कहा था (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## तीन दिवसीय दौरे पर रायपुर पहुंचे गृहमंत्री अमित शाह, नक्सल विरोधी अभियानों पर करेंगे बैठक



रायपुर (दावा)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर राजधानी रायपुर पहुंचे। इस दौरान माना एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शाह का आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरूण साव और विजय शर्मा, केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू, प्रदेश भाजपा महामंत्री भरत वर्मा सहित छत्तीसगढ़ मंत्री परिषद के सदस्यगण, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा आदि वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

केंद्र की मोदी सरकार छत्तीसगढ़ को नक्सल आतंक से मुक्त कराने के लिए महत्वपूर्ण रणनीति पर काम कर ही है। इसी तारत्मय में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 23 अगस्त रात दस बजे के बाद छत्तीसगढ़ पहुंचे। इस दौरान वे नक्सल विरोधी अभियानों पर कई बैठकों की अध्यक्षता करेंगे। केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद को खत्म करने का एलान कर चुकी है। अब पार्टी अपनी रणनीति को आगे बढ़ा रही है। इस कार्य को अमलीजामा पहनाने के लिए केंद्रीय गृहमंत्री तीन दिवसीय प्रवास पर छत्तीसगढ़ पहुंचे। वे रात्रि विश्राम के बाद 24 और 25 को बैठक लेंगे। इसके बाद 25 की शाम को वापस दिल्ली चले जाएंगे।

### अमित शाह का शेड्यूल

केन्द्रीय गृहमंत्री शाह 23 से 25 अगस्त तक रायपुर प्रवास पर रहेंगे। 24 अगस्त को सुबह 10:30 बजे नवा रायपुर के चम्पारण में महाप्रभु वल्लभाचार्य आश्रम का दौरा करेंगे। पूजा अर्चना के बाद सुबह 11:30 बजे होटल मेफेयर रायपुर में छत्तीसगढ़ एवं पड़ोसी राज्यों के मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशकों के साथ अंतर्राज्यीय समन्वय बैठक में शामिल होंगे। दोपहर 2:30 बजे छत्तीसगढ़ के वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा एवं विकास संबंधी बैठक में शामिल होंगे। 25 अगस्त को सुबह 10:30 बजे एनसीबी ऑफिस रायपुर का उद्घाटन करेंगे और समीक्षा बैठक लेंगे। इसके बाद दोपहर 1:30 बजे होटल मेफेयर रायपुर में छत्तीसगढ़ में सहकारिता के विस्तार से संबंधित बैठक में शामिल होंगे।

## जेल में बंद कांग्रेस विधायक से मिलने पहुंचे सचिन पायलट : कांग्रेस प्रभारी बोले- देवेंद्र को षड्यंत्र कर फंसाया गया



रायपुर। छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट रायपुर सेंट्रल जेल में विधायक देवेंद्र यादव से मिलने पहुंचे हैं। इसके साथ ही पीसीसी चीफ दीपक बैज और नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत भी जेल पहुंचे। बलौदाबाजार हिंसा मामले में भिलाई विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तार के बाद प्रदेश कांग्रेस लगातार भाजपा सरकार आरोप लगा रही है। इन दिनों कांग्रेस एग्रेसिव मोड में हैं। इस दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए सचिन पायलट ने कहा कि विधायक को षड्यंत्र कर फंसाया गया। सरकार की नाकामी की वजह से बलौदाबाजार हिंसा हुई। उन्होंने बताया कि कल शुक्रवार को पूरे प्रदेशभर में धरना प्रदर्शन होगा। कांग्रेसी सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने कहा कि सतनामी समाज, दलित समाज, आदिवासी समाज के लोगों को सरकार सुरक्षा नहीं दे पा रही है। बलौदाबाजार हिंसा मामले को नियंत्रण करने में सरकार नाकाम रहे। उन्होंने आरोप लगते हुए कहा कि भाजपा सरकार हिंसा की जांच के लिए जो कदम उठाना चाहिए वह नहीं कर पा रही है बल्कि कांग्रेस को टारगेट करने का काम कर रही है।

सचिन पायलट ने कहा कि बिना तथ्य के, बिना प्रमाण के विधायक देवेंद्र को तमाम तरीके की धाराएं लगाई गई। जबरदस्ती जेल में रखा गया है। यह बहुत गलत उदाहरण सरकार पेश कर रही है। उन्होंने कहा कि सतनामी समाज की जो भावना आहत हुई है सरकार उसको समझने में नाकाम रही है। उन्होंने कहा कि विधायक देवेंद्र यादव प्रदर्शन के दौरान सिर्फ अपना समर्थन देने गए थे। प्रशासन को कोई अंदेशा नहीं था कि इतनी बड़ी हिंसा होगी। अब इसके बाद कांग्रेस के विधायक को टारगेट किया जा रहा है।

## सीबीआई को मिली सीएम केजरीवाल पर केस चलाने की अनुमति, दुर्गेश पाठक पर भी चलेगा मामला



नई दिल्ली। सीबीआई ने शुक्रवार को दिल्ली की एक कोर्ट को जानकारी दी कि उसे दिल्ली शराब नीति मामले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आप विधायक दुर्गेश पाठक के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी मिल गई है।

सीबीआई ने यह जानकारी विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष दी गई, जिन्होंने मामले की अगली सुनवाई 27 अगस्त के लिए तय की है। इस मामले में केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 27 अगस्त को समाप्त होने वाली है। अदालत ने 12 अगस्त को सीबीआई को मामले में केजरीवाल और पाठक पर मुकदमा चलाने के लिए आवश्यक मंजूरी प्राप्त करने के लिए 15 दिन का समय दिया था।

### सुप्रीम कोर्ट से लगा झटका

बता दें कि इससे पहले केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से भी झटका मिला। उनकी जमानत पर आज सुप्रीम कोर्ट में होने वाली सुनवाई टल गई। सीबीआई ने अदालत से जवाब देने के लिए एक हफ्ते का और समय मांगा है। केजरीवाल की जमानत याचिका पर अगली सुनवाई पांच सितंबर को होगी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने सीबीआई को मामले में जवाबी हलफनामा दाखिल करने की अनुमति दी। इसके साथ ही केजरीवाल को जवाब दाखिल करने के लिए दो दिन का समय दिया। केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि सीबीआई ने केवल एक याचिका पर जवाबी हलफनामा दायर किया है और यह गुरुवार रात आठ बजे उन्हें दिया गया। अतिरिक्त सॉलीसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि वे एक सप्ताह में जवाब दाखिल करेंगे। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## केंद्र सरकार ने 156 दवाओं को किया बैन, इनमें सर्दी, जुकाम की गोलियां समेत कई तरह की दवाएं शामिल

दिल्ली। भारत सरकार लोगों की स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए एक बड़ा कदम उठाया है। केंद्र सरकार ने 156 दवा कंपोजिशनों को बैन कर दिया है। इनमें दर्द निवारक, मल्टीविटामिन्स, और एंटीबायोटिक्स जैसी 156 फिक्स डोज कॉम्बिनेशन वाली दवाएं शामिल हैं। इन दवाओं का उपयोग अक्सर बुखार और सर्दी-जुकाम जैसी बीमारियों के इलाज में किया जाता है। दवाओं पर प्रतिबंध तत्काल प्रभाव से लागू है।

21 अगस्त को जारी अधिसूचना में, सरकार ने बताया कि अमाइलेस, प्रोटीएज, ग्लूकोअमाइलेस, पेक्टिनेस, अल्फा गैलेक्टोसिडेस, लैक्टेस, बीटा-ग्लुकोनेज, सेल्युलाज, लिपेस, ब्रोमेलैन, ज़ायलानास, हेमीसेल्युलास, माल्ट डायस्टेस, इनवर्टेस, पापेन जैसे घटकों से बनी दवा कंपोजिशनों के उपयोग से लोगों की जान तक जा सकती है। जबकि मार्केट में इन दवाओं के सुरक्षित विकल्प भी उपलब्ध हैं।

### तत्काल प्रभाव से लगाया गया बैन

केंद्र सरकार ने जनहित में इन दवाओं के निर्माण, बिक्री, और वितरण पर पूरे देश में तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। सरकार ने यह फैसला ड्रग्स टेक्निकल एडवाइजरी बोर्ड की सिफारिशों के बाद लिया। इसकी जांच केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त एक विशेषज्ञ समिति ने की। जिसमें कंपोजिशन दवा के प्रशासन को 'अतार्किक' माना गया। ड्रग्स टेक्निकल एडवाइजरी बोर्ड ने भी इस संयोजन दवा की जांच की और सिफारिश की कि इस संयोजन दवा के घटकों में चिकित्सीय औचित्य नहीं है। यह संयोजन दवा मानव जीवन के लिए जोखिम भरा हो सकती है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छत्तीसगढ़ में उत्कृष्ट खिलाड़ियों को मिलेगी सरकारी नौकरी, सीएम विष्णु देव साय बने कमेटी के अध्यक्ष



रायपुर। छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों के लिए खुशखबरी है. उत्कृष्ट खिलाड़ियों को शासकीय नौकरी में नियुक्ति देने कमेटी गठित की गई है, जिसके अध्यक्ष मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय हैं. वन मंत्री केदार कश्यप और खेल मंत्री टंकराम वर्मा समेत सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारी और खेल युवा कल्याण विभाग के अधिकारी को सदस्य, सचिव बनाए गए हैं। इसका आदेश खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने जारी किया है.

बता दें कि 2015 से उत्कृष्ट खिलाड़ियों को शासकीय नौकरी नहीं मिली है. पिछले 9 साल से ये खिलाड़ी नौकरी की मांग को लेकर मुख्यमंत्री, राज्यपाल, खेल मंत्री और खेल विभाग के चक्कर लगा रहे हैं. अब इसके लिए कमेटी गठित की गई है. सीएम हाउस में कमेटी की बैठक के बाद खिलाड़ियों की नियुक्ति होगी। पिछली सरकार में कई बार खिलाड़ियों ने नौकरी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया था. बता दें कि 29 अगस्त को खेल अलंकरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छत्तीसगढ़ में सरकारी डॉक्टरों के निजी अस्पतालों में प्रैक्टिस पर स्वास्थ्य विभाग ने लगाई रोक, आदेश जारी



रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ में सरकारी चिकित्सकों के निजी अस्पतालों में प्रैक्टिस करने पर स्वास्थ्य विभाग ने रोक लगा दी है। कार्यावधि में डॉक्टरों के निजी प्रैक्टिस करने पर कार्रवाई होगी। स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव चंदन कुमार ने प्रदेश के आदेश जारी कर निजी प्रैक्टिस पर प्रतिबंध के आदेश का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं।

स्वास्थ्य विभाग के नए आदेश के अनुसार, सरकारी डॉक्टरों को कार्यावधि के दौरान निजी प्रैक्टिस करने पर कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। पहले भी डॉक्टरों को निजी अस्पतालों में ऑपरेशन और रोगियों को देखने से रोका गया था, लेकिन कई डॉक्टरों की आदतें नहीं बदलीं। इस वजह से लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने दोबारा से सख्त आदेश जारी किए हैं।

वहीं आदेश में यह भी कहा गया है कि लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के चिकित्सकों को निजी प्रैक्टिस की छूट रहेगी, परंतु यह केवल कार्यावधि के बाद की जा सकेगी। नर्सिंग होम या निजी क्लीनिक में जाकर प्रैक्टिस नहीं कर सकेंगे।

○ स्वास्थ्य विभाग ने कार्यावधि में प्रैक्टिस करने पर कार्रवाई के आदेश दिए
○ इस फैसले से सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार की उम्मीद

### इस फैसले पर अधिकारियों की प्रतिक्रिया

अधिकारियों का कहना है कि इस आदेश का उद्देश्य सरकारी अस्पतालों की सेवाओं को प्राथमिकता देना और निजी प्रैक्टिस के कारण सरकारी कामकाज में उत्पन्न होने वाली अव्यवस्थाओं को समाप्त करना है। इस कदम से सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।

### स्वास्थ्य विभाग का नया आदेश

सरकारी डॉक्टरों को अब कार्यावधि के बाद ही निजी प्रैक्टिस की अनुमति होगी। इसका मतलब है कि वे (शेष पृष्ठ 6 पर...)






## 20 किलो सोना, 13 क्विंटल चांदी का चढ़ावा, 200 करोड़ ब्याज; मूर्तिकारों को दिए गए 75-75 लाख



अयोध्या। पांच अगस्त 2020 को राम मंदिर के भूमिपूजन के बाद से रामलला को 13 क्विंटल चांदी और 20 किलो सोना प्राप्त हुआ है। रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अभी दान में मिले सोना तथा चांदी की शुद्धता परखने की प्रक्रिया आगे बढ़ा रहा है।

भारत सरकार की संस्था मिंट (एमआईएनटी) को परीक्षण के लिए नौ क्विंटल 44 किलो चांदी उपलब्ध भी करा दी गई है। इसकी शुद्धता हैदराबाद की टकसाल में परखी जाएगी और इस काम के लिए सितंबर की तारीख तय की गई है। रामलला की आय से जुड़ा यह लेखा-जोखा मणिरामदास जी की छावनी में हुई (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## उद्योगपति अनिल अंबानी पर शेयर बाजार में 5 साल का प्रतिबंध



नई दिल्ली। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने उद्योगपति अनिल अंबानी और रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) के पूर्व अधिकारियों समेत 24 अन्य संस्थाओं को 5 साल के लिए शेयर बाजार से प्रतिबंधित कर दिया है। यह कार्रवाई कंपनी से फंड के डायवर्जन के मामले में की गई। सेबी ने अनिल अंबानी पर 25 करोड़ रुपए का जुर्माना भी लगाया है और उन्हें 5 साल के लिए किसी भी लिस्टेड कंपनी में डायरेक्टर या मुख्य प्रबंधकीय अधिकारी (केएमपी) के रूप में काम करने से रोक दिया है।

### रिलायंस होम फाइनेंस भी 6 माह के लिए बैन

सेबी के आदेश में आरएचएफएल को भी 6 महीने के लिए शेयर बाजार से प्रतिबंधित किया गया है और उस पर 6 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। प्रतिबंधित 24 संस्थाओं में आरएचएफएल के पूर्व मुख्य अधिकारी अमित बापना, रवींद्र सुधालकर और पिंकेश आर शाह भी शामिल हैं। इन अधिकारियों पर क्रमशः 27 करोड़, 26 करोड़, और 21 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया। अन्य प्रतिबंधित संस्थाओं में रिलायंस यूनिकॉर्न एंटरप्राइजेज, रिलायंस एक्सचेंज नेक्स्ट लिमिटेड, रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड, रिलायंस क्लीनजेन लिमिटेड, रिलायंस बिजनेस ब्रॉडकास्ट न्यूज़ होल्डिंग्स लिमिटेड और रिलायंस बिग एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं, जिन पर प्रत्येक पर 25 करोड़ रुपए का जुर्माना ठोका गया है।

फंड की हेराफेरी पर 25 करोड़ रु. जुर्माना

### सेबी के आदेश की बड़ी बातें

सेबी के अनुसार, अनिल अंबानी ने आरएचएफ एल के आला अधिकारियों की मदद से एक धोखाधड़ी योजना बनाई थी, जिसके तहत कंपनी से धनराशि को अवैध तरीके से डायवर्ट किया गया। इसके बावजूद कि आरएचएफ एल के डायरेक्टर बोर्ड ने इन कृत्यों को रोकने के कड़े निर्देश दिए थे, प्रबंधन ने इन निर्देशों की अनदेखी की। आदेश में कहा गया है कि आरएचएफ एल के प्रमोटर और मैनेजमेंट ने कुछ कंपनियों को सैकड़ों करोड़ रुपए लोन दिए, जबकि उन कंपनियों के पास न तो पर्याप्त संपत्ति थी, न ही कैश फ्लो, न नेटवर्थ या राजस्व। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करने जिले के अंतिम छोर पहुंचा जिला प्रशासन

## शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का मुख्य उद्देश्य - श्रीमती गीता साहू

राजनांदगांव (दावा)। राज्य शासन की मंशा के अनुरूप जिला प्रशासन द्वारा गांव के अंतिम व्यक्ति को शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए जिले के अंतिम छोर छुरिया विकासखंड के वनांचल ग्राम बेंदाड़ी में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती गीता साहू, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल उपस्थित थे। जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अतिथियों द्वारा अवलोकन किया गया। शिविर में गर्भवती माताओं की गोद भराई के लिए सुपोषण किट प्रदान किया गया तथा नन्हे बच्चों का अन्न-प्राशन्न किया गया। गर्भवती माताओं को अच्छा खान-पान रखने की सलाह दी गई। ताकि उनके शिशु स्वस्थ एवं सुपोषित रहें। पालक चौपाल से प्रेरित होकर खान-पान में सुधार से कम वजन से सामान्य वजन होने पर दो नन्हे बच्चों को भी पौष्टिक आहार देकर सम्मानित किया गया। जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता साहू ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का मुख्य उद्देश्य शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने जिले के अंतिम गांव बेंदाड़ी में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर के आयोजन के लिए जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि शिविर में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी पहुंचे है, जिनके द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही योजनाओं से लाभान्वित भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में मोदी की गारंटी को पूरा किया जा रहा है। महिलाओं को महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रतिमाह 1000 रूपए की राशि प्रदान की जा रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान बनाएं जा रहे है। मातृत्व वंदन योजना से शिशुवती माताएं लाभान्वित हो रही है। शासन द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य सभी क्षेत्रों में कार्य किया जा रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल होकर अपनी समस्याओं का समाधान कराने, योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने व योजनाओं का लाभ लेने का आग्रह किया।

**ग्राम बेंदाड़ी में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में पहुंचे बड़ी संख्या में ग्रामीण**



### शासन की योजनाओं का लाभ लेकर अपने जीवन स्तर को बेहतर बनाएं नागरिक - कलेक्टर

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि शासन की योजनाओं की जानकारी और योजनाओं का लाभ ग्रामीणों तक पहुंचाने के लिए जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी शिविर में उपस्थित है, जिनसे शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकते है और शासन की योजनाओं का लाभ लेकर अपने जीवन स्तर को बेहतर बना सकते हैं। योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन आपके गांव पर पहुंचा है। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ जरूर मिलेगा। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बताया कि शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है। उन्होंने किसानों को जैविक खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया और रासायनिक खाद के दुष्प्रभाव के संबंध में जानकारी दी। कलेक्टर ने भू-जल के गिरते स्तर पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने ने कहा कि पानी मनुष्य की सबसे पहली जरूरत है। बिना पानी के जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। उन्होंने आने वाली पीढ़ी के लिए जल का संरक्षण व संवर्धन के लिए आवश्यक उपाय करने का संकल्प लेने कहा। उन्होंने खेत का पानी खेत में और गांव का पानी गांव में रोकने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने गांव में डबरी, तालाब, नाला बंधान, परकोलेशन टैंक जैसे स्ट्रक्चर बनाने कहा, जिससे पानी को संरक्षित कर सके। कलेक्टर ने किसानों को धान के बदले कम पानी की आवश्यकता वाली फसल एवं उद्यानिकी फसल लेने के लिए कहा। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि गांवों को स्वच्छ बनाएं रखने एवं वृक्षारोपण अभियान में सभी अपनी सहभागिता दें। गांव एवं आस-पास में गंदगी होने से स्वयं और परिवार वालों को कई प्रकार की समस्या होती है और कई तरह की बीमारियां फैल सकती है। गांव को स्वच्छ रखना हमारी जिम्मेदारी है। गांव को स्वच्छ रखने के लिए प्रत्येक शनिवार को अभियान की तरह जनसहभागिता से गांव की साफ-सफाई करेंगे तो गांव स्वच्छ रहेगा और बहुत अच्छा दिखेगा। इससे बीमारियां नहीं फैलेगी।

शिविर में मछलीपालन विभाग द्वारा मां बम्लेश्वरी आदिवासी मछुआ सहकारी समिति चिखलामटिया को मटिया मोती सिंचाई जलाशय को मछली पालन के लिए 10 वर्षीय पट्टा दिया गया। इसी तरह शिविर में मछली पालन विभाग के हितग्राहियों को आईस बाक्स, मछली जाल, कृषि विभाग के हितग्राहियों को राष्ट्रीय खाद्यान्न सुरक्षा मिशन अंतर्गत सिंचाई पाईप, किसान समृद्धि योजना पंजीयन पत्र, शाकम्भरी योजना विद्युत पम्प, उद्यानिकी विभाग के हितग्राहियों को पोषण बाड़ी के लिए बीज वितरण किया गया। इसी तरह खाद्य विभाग द्वारा 5 हितग्राहियों को राशन कार्ड, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया। शिविर में अतिथियों द्वारा समाज कल्याण विभाग की ओर से बम्हनीचाराभाठा निवासी श्री मेघनाथ को ट्राईसायकल प्रदान किया गया। शिविर में विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल में शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के संबंध में जानकारी दी गई। शिविर में हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित भी किया गया। अतिथियों द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शिविर स्थल परिसर में पौधरोपण किया गया। वन विभाग द्वारा शिविर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधों का वितरण किया गया। जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में ग्राम पंडरापानी निवासी श्रीमती सुनाय बाई सलामे ने प्रधानमंत्री उज्जवला योजना से लाभान्वित होने के लिए केवाईसी कराने के लिए पहुंची थी। इसी तरह खेड़ेपार निवासी श्रीमती ज्योति बाई कुंजाम ने भी केवाईसी कराया। शिविर में परिवहन विभाग द्वारा लर्निंग लायसेंस, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाया गया। जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में सिकल सेल, टीबी, शुगर, खून जांच ब्लड प्रेशर जांच किया गया तथा निःशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया। आयुर्वेद विभाग के स्टॉल में ब्लड प्रेशर, स्त्री रोग के संबंध में जानकारी प्रदान की गई और आयुर्वेद दवाईयों का वितरण किया गया। शिविर में जिला स्तरीय अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग में शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, कृषि विभाग, मत्स्य विभाग, उद्यानिकी विभाग, खाद्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, समाज कल्याण विभाग, क्रेडा, विद्युत, पशु चिकित्सा, उद्योग, खादी ग्रामोद्योग, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, पुलिस, श्रम विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जल संसाधन विभाग, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, लोक निर्माण विभाग, शिक्षा विभाग और परिवहन विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर जनसामान्य को शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई और योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

इस अवसर पर अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया श्रीमती किरण वैष्णव, जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती जानकी साहू, जनपद सदस्य भूपेन्द्र नायक, सरपंच कुमान सिंह पटोडी, सरपंच कामता प्रसाद साहू, समाजसेवी एमडी ठाकुर, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुलदेव शर्मा, एसडीएम श्रीकांत कोर्राम, सीईओ श्रीमती शिल्पा देवांगन सहित जनप्रतिनिधि, जिला स्तरीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्र के ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## पहला कॉलम...

### आज आयुष्मान कार्ड पंजीयन के संबंध में आधार सेवा केन्द्र एवं कॉमन सर्विस सेंटर संचालकों का प्रशिक्षण

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार आयुष्मान कार्ड पंजीयन के संबंध में 24 अगस्त 2024 को सुबह 11 बजे से कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पुराना अस्पताल गुरूद्वारा चौक के प्रथम तल स्थित सभाकक्ष में जिले के आधार सेवा केन्द्र एवं कॉमन सर्विस सेंटर संचालकों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण में जिले के सभी आधार सेवा केन्द्र एवं कॉमन सर्विस सेंटर संचालकों को उपस्थित होने कहा गया है।

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर 26 को मटन मार्केट बंद

राजनांदगांव (दावा)। राज्य शासन के आदेशानुसार कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में 26 अगस्त दिन सोमवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। आयुक्त श्री गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग से कहा कि उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करते हुये 5 हजार रूपये तक जुर्माना वसूल करे। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों को उक्त दिवस को अपने अपने क्षेत्र में पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिये है।

### पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को बधाई देकर विष्णु लोधी ने दी शुभकामनाएं



डोंगरगढ़ (दावा)। विष्णु लोधी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को उनके निवास पहुंचकर उन्हें जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर श्री लोधी ने कहा कि, आयुः, आरोग्य, ऐश्वर्य च ते भविष्यति। (आपको दीर्घायु, स्वास्थ्य और समृद्धि प्राप्त हो।) बधाई देने बड़ी संख्या में जिले के कार्यकर्ता और पदाधिकारीगण पहुंचे थे।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
आज ता. 23 से भव्य शुभारंभ रोजाना 4 खेलों में
समय : 12,3, 6 व 9 बजे रात्रि
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
पारिवारिक गीत संगीत से भरपूर
जवानी जिंदाबाद
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - आकाश सोनी, सुमन पटनायक, लक्षित झांकी, ज्योत्सना, पुरन किरी, संजय महानंद, पुष्पेन्द्र सिंह, अंजनी चौहान आदि




आगामी
संघर्ष एक जंग
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
23rd Aug to 29th Aug 2024
silver SCREEN




Stree 2 - 12:00, 12:15, 03:00, 03:30, 06:00, 06:30, 09:00 & 09:30 pm
Vedaa - 06:15 pm
Khel Khel Mein - 03:15 and 09:15 pm
Alien Romulus (Hindi) - 12:30 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

## आज किडनी, पथरी, नस, मस्तिष्क, ईएनटी एवं चर्म रोग विशेषज्ञों की सेवाएं

### आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी क्लीनिक राजनांदगांव में उपलब्ध

राजनांदगांव (दावा)। शहर के हृदय स्थल स्थित सतनाम भवन नया बस स्टैंड के पास जी.ई. रोड में विश्व स्तरीय वरिष्ठ चिकित्सकों की टीम उपचार एवं चिकित्सीय सुविधा हेतु आज एवं प्रत्येक शनिवार उपलब्ध होंगे। जिनमें प्रमुख रूप से किडनी, प्रोस्टेट, पथरी एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. नवीनराम दारुका (यूरोलॉजिस्ट), डॉ. रेखराज साहू, डॉ. आर.के. साहू (नेफ्रोलॉजिस्ट), नस, मस्तिष्क एवं स्पाइन रोग के विशेषज्ञ डॉ. कुलदीप सिंह, कान, नाक एवं गला रोग विशेषज्ञ डॉ. नमन पिंचा एवं चर्म रोग विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे।

राजनांदगांव में सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की सेवाएं देने का मुख्य कारण राजनांदगांव में गंभीर मरीजों के इलाज हेतु स्पेशलिस्ट डॉक्टर का अभाव है। किसी भी गंभीर समस्या बीमारी के इलाज एवं परामर्श हेतु ज्यादातर लोग रायपुर एवं अन्य बड़े शहर की तरफ जाते हैं, परंतु अब किसी भी गंभीर बीमारी एवं उसके परामर्श उपचार हेतु बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी।

## अभाविप ने मुख्यमंत्री से की छात्रसंघ चुनाव की मांग

राजनांदगांव (दावा)। अभाविप ने कल शैक्षणिक जगत में उत्तम छात्र नेतृत्व हेतु प्रदेश भर के सभी विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों में प्रत्यक्ष रूप से छात्रसंघ चुनाव की कराने की मांग को लेकर सभी जिला के कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। पूर्व में लगातार प्रतिवर्ष छात्रसंघ चुनाव किए जाने के कारण शिक्षा के क्षेत्र में सुधार तथा विकास युवा नेतृत्व के माध्यम से संपन्न होता था, किंतु 2016 के पश्चात छत्तीसगढ़ प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालय और महाविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, पूर्व में भी



अभाविप लगातार छात्र संघ चुनाव हेतु प्रदेश सरकार से मांग करती रही है।

अभाविप राजनांदगांव जिला संयोजक श्री जीत ने कहां की छात्रसंघ चुनाव पर रोक लगा देना निश्चित रूप से युवा नेतृत्व का दमन करने वाला छात्रों के आवाज को दबाने वाला निर्णय साबित हुआ है अभाविप सदैव से छात्रसंघ चुनाव के पक्ष में रही है, पूर्व की सरकार से भी लगातार छात्रसंघ चुनाव की मांग अभाविप छत्तीसगढ़ प्रांत द्वारा किया गया था एवं छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर पूरे प्रदेश में एक आंदोलन खड़ा करने का काम अभाविप छत्तीसगढ़ ने किया है। छात्रसंघ चुनाव के माध्यम से चुने हुए प्रतिनिधियों को परिसर में हो रहे भ्रष्टाचार पर विराम लगाने के लिए प्रयास करने का अवसर मिलता है।

छात्रसंघ चुनाव के माध्यम से छात्रों के नेतृत्व क्षमता में विकास के साथ छात्रहित में कार्य होने लगते है प्रदेश सरकार छात्रहित को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष प्रदेश भर के विभिन्न विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालय में प्रत्यक्ष रूप से छात्रसंघ चुनाव करवाये तथा जल्द से जल्द छात्रसंघ चुनाव की तिथि की घोषणा की जाएं।

## दुर्घटना से बचाने निगम का मवेशी धरपकड़ अभियान

राजनांदगांव (दावा)। घुमंतु मवेशियों की वजह से चौक चौराहो एवं सड़कों पर होने वाली दुर्घटना को ध्यान में रखकर नगर निगम की टीम द्वारा मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस पहुचाया जा रहा है। आज राम दरबार, नेशनल हाईवे, पेन्ड्री एवं राज इंपिरियर के पास से 11 घुमन्तु मवेशियों की धर-पकड की गयी और उसे रेवाडीह कांजी हाउस पहुँचाया गया। उल्लेखनीय है कि कई पशु मालिकों द्वारा अपने मवेशियों को खुला छोड देते है, जिससे मवेशी चौक चौराहों में घुमते एवं बैठे रहते है, जिससे यातायात बाधित होती है एवं दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, जो आमजनों के साथ ही पशुओ के लिये भी खतरनाक है।

मवेशियों को पकड़ने कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल द्वारा निर्देश दिया गया है, निर्देश के अनुक्रम में निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता के निर्देश एवं उपायुक्त श्री मोबिन अली के नेतृत्व में नगर निगम द्वारा मेवशी धर-पकड़ अभियान चलाकर मवेशी मालिकों को मवेशी बांधकर रखने समझाईस दी जा रही है, समझाईस उपरांत भी कुछ मवेशी मालिक अभी भी मवेशी खुला छोड देते है, उनपर अब अर्थदण्ड अधिरोपित किया जायेगा।



**मवेशी मालिकों की लापरवाही पर आयुक्त ने मवेशी घर में बांधकर रखने की अपील**

नगर निगम आयुक्त द्वारा घुमन्तु मवेशियों को पकड़ने गठित टीम चौक चौराहो से घुमन्तु मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही कर रही है।

इसी कडी में आज राम दरबार, नेशनल हाईवे, पेन्ड्री एवं राज इंपिरियर के पास से 11 घुमन्तु एवं बैठे मवेशियों को पकड़कर रेवाडीह कांजी हाउस में रखा गया है एवं उन्हें छोडने पर 570-570 रूपये संबंधित से अर्थदण्ड लेकर मवेशी छोडा जायेगा। आयुक्त श्री गुप्ता ने दुर्घटना से बचने मवेशी मालिक अपने जानवर को निर्धारित स्थल में बांध कर रखने तथा चौक-चौराहों व सड़कों पर घुमने पशुओं को खुला न छोड़ने की अपील की है।

## ग्राम मनकी को पंचायत का दर्जा दिलाने ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

राजनांदगांव (दावा)। जनपद पंचायत राजनांदगांव के अंतर्गत पड़ने वाले ग्राम-मनकी के ग्रामीणों द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव के वर्तमान विधायक माननीय श्री डॉ. रमन सिंह को ज्ञापन सौंपकर मनकी को नये ग्राम पंचायत के रूप में मान्यता देने की मांग की गयी।



ग्रामीणों के अनुसार ग्राम-मनकी दशकों से अलग अलग पंचायत में आश्रित ग्राम के रूप में जुड़ा हुआ है जिस कारण मनकी को हमेशा अनदेखी का सामना करना पड़ता है, विकास कार्य भी अत्यंत धीमा है। ग्रामीणों के अनुसार वर्ष 2011 में ग्राम मनकी की जनसंख्या 1191 थी जिसमें 614 महिला एवं 577 पुरुष शामिल थें, वर्ष 2024 की स्थिति में यह जनसंख्या करीब 1500 के आसपास है। ग्रामीणों की मांग है कि ग्राम मनकी को जनसंख्या के आधार पर पंचायत का दर्जा दिया जाए। ग्राम के ही युवा मनीष साहू (प्रदेश मंत्री, छात्र युवा मंच) ने बताया कि आश्रित ग्राम होने के कारण लोगों को बहुत ही ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ता है तथा आपसी मतभेद भी बना रहता है। ग्रामीणों द्वारा अलग पंचायत हेतु कलेक्टर और अनुविभागीय अधिकारी को भी ज्ञापन सौंपा जा चुका है। कुछ महीने बाद प्रदेश में पंचायत चुनाव होना है ऐसे में चुनाव से पहले मनकी का पंचायत बनना ग्राम हित के लिए सही रहेगा। ग्राम पंचायत के अंतर्गत दो ग्राम के होने से शासकीय फंड के लिए भी हमेशा मतभेद रहता है। छोटी-छोटी चीजों के लिए भी बुजुर्ग महिलाओं को 3-4 किमी का पैदल सफ़र करना पड़ता है। पंचायत की बातें बहुत कम लोगों तक ही पहुंच पाती हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने ग्रामीणों की मांग को गंभीरता से लेते हुए मांग पूरा करने का आश्वासन दिया है। ज्ञापन सौंपने के दौरान ग्राम पंचायत तोरनकट्टा के उपसरपंच यशवंत निषाद, ग्रामीण अध्यक्ष बुधनलाल ठाकुर, सेवानिवृत्त शासकीय कर्मचारी सेवाराम साहू, ज्ञानिकराम साहू, ग्राम पंचायत तोरनकट्टा के पूर्व सरपंच कृष्ण कुमार गंधर्व, ग्राम सचिव अजय ध्रुव, ग्राम कोषाध्यक्ष भगवान सिंग साहू, खिलावन नेताम, अरूण साहू, मनीष साहू प्रदेश मंत्री छात्र युवा मंच आदि उपस्थित रहे।

**पुनः निविदा आमंत्रण**

छ.ग. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत ऑचल संकुल संगठन, ग्राम पंचायत पदुमतरा, वि.खं. व जिला राजनांदगांव में प्रशिक्षण एवं अन्य कार्यक्रमों में भोजन, चाय, नाश्ता हेतु ज़ राजनांदगांव के ग्रामीण क्षेत्रों के एनआरएलएम में पंजीकृत समूहों से निर्धारित प्रारूप में निविदा 24/08/2024 से 30/08/2024 समय दोप. 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है, निविदा प्रपत्र व अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें। अध्यक्ष, ऑचल संकुल संगठन, ग्राम पंचायत पदुमतरा, जिला राजनांदगांव

आंचल संकुल संगठन,
ग्राम - पदुमतरा, जि.व वि.खं. राजनांदगांव

**कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, राजनांदगांव (छ.ग.)**
**// निविदा निरस्त करने की संक्षिप्त सूचना//**

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 2001/2024 राजनांदगांव दिनांक 21 अगस्त 2024

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय, राजनांदगांव के जिला मुख्यालय के ग्रंथालय अनुभाग में लेखन सामाग्री ए-4 जे.के. रेड 75 जी.एस.एम., एफ.एस.पेपर 75 जी.एस.एम, जजमेंट पेपर सिरपुर लेजर 90 जी.एस.एम., टोनर काट्रेज एच.पी.लेजर जेट प्रो एम 202 डी डब्लू, टोनर काट्रेज एच.पी. लेजर जेट प्रो. 4004 प्रदाय किये जाने हेतु मुहरबंद निविदाएं दिनांक 09.07.2024 से आमंत्रित की गई थी जिसकी अंतिम तिथि 08.08.2024 तथा निविदा खोले जाने की तिथि 09.08.2024 निर्धारित थी किन्तु प्रतिस्पर्धात्मक प्रतिद्वंदी न होने के कारण माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदया के आदेशानुसार निविदा निरस्त की जाती है।

निविदा निरस्त होने की जानकारी न्यायालय के वेबसाईट www.rajnandgaon.dcourts.gov.in पर अपलोड की गई है।

जी-242501995/1

अध्यक्ष
प्रशासनिक क्रय समिति, कार्या-प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय राजनांदगांव (छ.ग.)

## क्रेडा कार्यालय निर्माण में भ्रष्टाचार, फिर भी जोनल कार्यालय में आभार हास्यास्पद-रूपेश दुबे

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने क्रेडा जोनल कार्यालय के नाम पर भाजपाइयों के द्वारा जो वाहवाही लूटने का काम किया जा रहा है उसे महज ढकोसला बताते हुए हास्यास्पद करार दिया है।

प्रवक्ता दुबे ने कहा कि 15 वर्षीय भाजपा कार्यकाल में राजनांदगांव डॉ. क्षेत्रीय कार्यालय के भवन निर्माण के लिए शासकीय नियमों के विपरीत ग्रीन बेल्ट में निर्माण कर नियमों की धज्जी उड़ा दी गई क्योंकि टाउन एंड कंट्री प्लानिंग ने अपने पत्र में स्पष्ट रूप से उसे स्थान पर भवन निर्माण पर अनापत्ति देने से साफ मना कर दिया था उसके बाद भी अवैध क्रेडा बिल्डिंग बनाने का खेल खेला गया। बिल्डिंग के लिए 50 लाख रु का इस्टीमेट तैयार किया गया उसके पश्चात तकनीकी स्वीकृति में वह राशि 55 लाख रु किया गया और 55 लाख रु के टेंडर को 17त्र एभभ में टेंडर स्वीकृत करते हुए लगभग 65 लख रु का वर्क ऑडर जारी कर दिया गया निर्माण एजेंसी ने नियमों को ताक में रखकर बिल्डिंग के नियत ड्राइंग डिजाइन बिल्डिंग के विपरीत निर्माण कार्य किया उसके बाद भी सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार के चलते 65 लाख रु के टेंडर के भुगतान में प्रशासनिक अधिकारियों ने अंधेरगर्दी मचाते हुए 8 चेक के माध्यम से 91 लाख का भुगतान कर दिए जब मामले का खुलासा हुआ तो तो विभाग अपने कारगुजारियों को छुपाने के लिए अतिरिक्त राशि को बाउंड्री वॉल निर्माण का बताने का प्रयास किये लेकिन 20 लाख रु से अधिक की राशि का टेंडर अनिवार्य है फिर भी विभाग ने जो भ्रष्टाचार का खिलौना खेल खेला था वह अपने आप में सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार का उदाहरण हैं मामलले की दस्तावेजों के साथ शिकायत ई ओ डब्लू में की गई जो लंबित है अब देखना यह है कि भाजपा सरकार भ्रष्टाचार के नाम पर बड़ी-बड़ी बातें करते हैं तो इस प्रमाणित भ्रष्टाचार के मामले में क्या कार्यवाही करते या कराते हैं।



**अवैध निर्माण में 55 लाख के काम में 91 लाख भुगतान का मामला ईओडब्लू में है लंबित**

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
4-6-7
189-8 144-9
राजधानी
2-5-0
580-3 126-9

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरुपयोग न करें। दुरुपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# सोने-चांदी के जेवर एवं कार चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय चोर गिरफ्तार



**सायबर सेल एवं चौकी चिखली पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में दो आरोपी धरे गए**

राजनांदगांव (दावा)। चौकी चिखली पुलिस व साईबर टीम की संयुक्त कार्रवाई के चलते घर से सोने चांदी के जेवर तथा कार की चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय चोरों को पकड़ा गया है। उक्त चोर सूने मकान का ताला तोड़कर होंडा कंपनी की एक कार एवं सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गये थे। इस चोरी के संबंध में पुलिस चौकी चिखली क्षेत्र के दीनदयाल नगर में कार एवं 3 लाख छियालिस हजार रुपए के जेवरात की चोरी का खुलासा हुआ है। जिसमे पुलिस ने आरोपियों से एक होंडा कंपनी की बी आर आई ओ कार क्र.-सीजी 10-एडी 2959 एवं सोने चांदी के जेवरात बरामद किया है। पकड़े गए आरोपियों को धारा 331(4), 305 बी.एन.एस. के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। आरोपियों का नाम धर्मेन्द्र खोब्रागडे उर्फ धर्मा पिता प्रकाश खोब्रागडे उम्र 26 वर्ष व अविनाश वाडके उर्फ अवि पिता मंगलदरा वाड़के उम्र 25 वर्ष, दोनों निवासी चंद्रपुर अष्टभुजा वार्ड, थाना रामनगर जिला चंद्रपुर, महाराष्ट्र बताया जाता है।

मिली जानकारी के अनुसार गत 18 अगस्त की रात्रि प्रार्थी नेमकरण जंघेल पिता झल्लू, राम उम्र 42 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 03 पंडित दीनदयाल नगर चौकी चिखली अपने रात्रि ड्युटी के लिए पीटीएस गया हुआ था। प्रार्थी के परिजन भी राखी त्यौहार में बाहर गये हुये थे। इस दौरान 17-18 अगस्त की मध्य रात्रि करीब 02-04 बजे के बीच अज्ञात चोर द्वारा प्रार्थी के घर के दरवाजा में लगे ताले को तोड़कर घर के अंदर रखे वीवो कंपनी का मोबाइल एक होंडा कंपनी की कार व आलमारी में रखे सोने के आभूषण एक नग सोने की अंगुठी कीमत 34 हजार रूपये, सोने की कान की बाली जोडी कीमत 35 हजार रूपये सोने की दो नग नाक की फुल्ली कीमती 5 हजार रूपये, और चांदी के आभूषणों में चांदी के दो नग सिक्का कीमती 25 हजार रूपये चांदी की बिछिया जोड़ी कीमत 5 सौ रूपये एक नग चांदी का करधन कीमती 2 हजार रूपये व नगदी रकम 5 हजार रूपये जुमला कीगती 3,46000 रूपये को चोरी कर लिया था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना पुलिस चौकी चिखली में धारा 305, 331(4) बी.एन.एस. के तहत अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार पम्मार एवं पुलिस चौकी प्रभारी उनि. नरेश बंजारे के नेतृत्व में एक संयुक्त टीम गठित कर अज्ञात आरोपी एवं चोरी गये माल मशरूका के संबंध में हर संभव पतासाजी प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान घटनास्थल एवं आस-पास के क्षेत्रों एवं मार्गो में लगे सीसीटीवी का निरीक्षण करने पर घटना स्थल पर मोटर सायकल पल्सर 220 सीसी बिना नंबर का मिला। पता तलाश के मुखबीर से सूचना मिला कि बागनदी के पास दो व्यक्तियो को चोरी की गई कार में देखा गया है जो कार को बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे है कि सूचना पर उपरोक्त गठित टीम द्वारा बाघनदी पहुंचकर मुखबीर के बताये अनुसार आरोपी की पता तलाश कर 23 अगस्त को बागनदी के पास घेराबंदी कर आरोपी धर्मेन्द्र खोब्रागड़े व अविनाश वाडके को पकड़ा गया। इस पर आरोपियों ने घटना घटित करना स्वीकार किया व आरोपी धर्मेन्द्र उर्फ धर्मा ने एक भूरे रंग के बैग से एक नग सोने की अंगूठी, एक नग वीवों कंपनी मोबाइल व एक होंडा कंपनी की कार चाकलेटी रंग की मय चाबी जप्त किया गया व आरोपी अविनाश वाडके के द्वारा अपने पेंट के जेब से निकालकर पेश करने पर एक जोड़ी सोने की बाली व एक जोड़ी चांदी का बिछिया जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया। आरोपियों द्वारा नगदी रकम 5000 रूपये को चोरी कर खर्च कर देना बताये। आरोपियों को गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल भेज दिया गया। उक्त कार्यवाही में पुलिस चौकी चिखली प्रभारी उपनिरीक्षक. नरेश बंजारे, इब्राहीम खान, वंदना पटले, मनोज जैन एवं सायबर सेल से सायबर प्रभारी निरीक्षक विनय पम्मार, प्रधान आरक्षक अनित शुक्ला, आरक्षक मनीष वर्मा, अविनाश झा, हरिश ठाकुर का विशेष योगदान रहा है।

# सुमति मंडल द्वारा धूमधाम से की जाएगी गणेश स्थापना



**भव्य विसर्जन झांकी निकालने का निर्णय**

राजनांदगांव(दावा)। संस्कारधानी की सबसे प्राचीन गणेशोत्सव समिति सुमति मंडल कामठी लाइन इस वर्ष अपनी स्थापना के 102 वा वर्ष में गणेशोत्सव पर्व बड़ी श्रद्धा, भक्ति के साथ धूमधाम से मनाने जा रहा है। 07 सितंबर को श्री गणेश स्थापना कामठी लाइन में भारत माता चौक के समीप स्थित उदयाचल संस्था की लाइब्रेरी वाली जगह पर आकर्षक सजावट कर की जाएगी।

सुमति मंडल गणेशोत्सव समिति की नई कार्यकारिणी का गठन समिति के संरक्षक विमल पोद्दार एवम श्याम सुंदर लोहिया की अध्यक्षता में गत दिवस सत्यनारायण धर्मशाला में आयोजित बैठक में किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अशोक लोहिया को पुनः अध्यक्ष मनोनित किया गया तथा मयंक गिड़िया को सचिव एवम पियूष अग्रवाल का कोषाध्यक्ष के रूप में चयन किया गया।

संरक्षक मंडल में विमल पोद्दार, श्याम सुन्दर लोहिया, विष्णु प्रसाद लोहिया, अभिषेक शुक्ला, हिंदूराव पवार, संतोष लोहिया, सुभाष चौरडिया, नंदकिशोर अग्रवाल, संतोष अग्रवाल (बालाजी), राजकुमार शर्मा, अजय खंडेलवाल, मनोज शर्मा, पंकज पोद्दार, गोवर्धन खंडेलवाल, विजय खंडेलवाल, आनंद डागा शामिल किए गए। उपाध्यक्ष-निलेश शुक्ला, सूरज अग्रवाल, राजेश डागा, दीपक सोनी, कृष्णा लोहिया, आडिटर-सीए नमन पोद्दार, सहसचिव-करण जेठवा, सुधित लोहिया, विज्ञापन प्रभारी-आदित्य लोहिया, गोविंदा शर्मा, हर्ष खंडेलवाल, सुमित गांधी, चंदा प्रभारी-हर्ष लोहिया, शुभम डागा, तन्मय खंडेलवाल, शिवम शर्मा, सुनंदन लोहिया, प्रमोद सोनी, हरीश अग्रवाल, झांकी प्रभारी-विनय चौरडिया, राहुल लोहिया, अर्पित पारख, उज्जवल ललवानी, तनिष्क अग्रवाल, हेमंत गिड़िया, हरदीप अरोरा, कार्यकारिणी सदस्य - जितेंद्र शर्मा (जीतू), महेश शर्मा, धर्मेंद्र जैन, हितेश कोटक, महेश डागा, हेमंत सोनी, धर्मेंद्र बोथरा, गोपाल भट्ठड, रोहन लोहिया। बैठक में इस वर्ष भी विसर्जन झांकी भव्य रूप से दो जीप वाली निकालने का निर्णय लिया गया।

# मेटल एलर्जी के मरीज का आधुनिक तकनीक से दोनों घुटनो का गोल्ड नी इम्प्लांट से सफल जोड़ प्रत्यारोपण



रायपुर (दावा)। श्री मेडिशाइन हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. सुशील शर्मा न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि आसपास के क्षेत्रों में हड्डी रोग व ज्वाइंट रिप्लेसमेंट विशेषज्ञ के रूप में ख्याति प्राप्त हैं। हड्डी से संबधित रोगों के इलाज में इन्हें दक्षता प्राप्त है। मेडिशाइन हास्पिटल में रोज काफी संख्या में मरीज अपने हड्डी रोग संबंधी इलाज के लिये आते है। ऐसी ही एक मरीज बलांगिर उड़िसा की निवासी रिना मेंहर जो पिछले कई वर्षो से घुटनों की जोड़ में काफी तेज दर्द की समस्या थी, जिससे वह अपनी रोज की दिनचर्या में काफी तकलीफ उठा रही थी। खाना बनाने, बर्तन धोने, नहाने, चलने-फिरने, पूजा जैसे रोज के कार्यो में उन्हें समस्या बहुत ज्यादा होने लगी थी, इन सभी परेशानियों के अलावा इन्हें आर्टिफिशियल मेटल गहने पहनने से भी एलर्जी होती थी। उनका रोग काफी बढ़ता गया, तब अपने परिचित की सलाह पर श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल के डॉ. सुशील शर्मा, आर्थोपेडिक एवं ज्वाइंट रिप्लेमेंट सर्जन के पास इलाज के लिये व्हील चेयर में आई, डॉ. शर्मा ने उनकी जाँच के बाद बताये कि दोनों घुटना पूरी तरह से खराब हो गया है, ऑपरेशन से ठीक करना होगा। सामान्य मेटल इम्लांट से मेटल एलर्जी एवं मेटालॉसिस जैसे साईड इफेक्ट देखने को मिलते है, इसलिये डॉ. शर्मा ने दोनों घुटनों को कम्प्यूटर नेविगेशन मशीन से गोल्ड नी इम्लांट लगाया तथा नेविगेशन असिस्टेड, मिनीमम इनवेसिव एवं नवीनतम तकनिक से ज्वाईट रिप्लेसमेंट किया। पूरे इलाज व आपरेशन से श्रीमती रिना मेंहर काफी संतुष्ट व खुश है। और अपने दैनिक के कार्यो में फिर से वापस लौट आयी तथा आपरेशन के दूसरे दिन ही चलना शुरू कर दी, व तीसरे दिन स्वस्थ्य होकर डिस्चार्ज हो गई है। उनका यही कहना है कि यदि व डॉ. शर्मा के पास मेडिशाइन हॉस्पिटल पहले ही आ जाती तो, उन्हे अपनी लम्बी बीमारी से बहुत पहले ही छुटकारा मिल सकता था। इस सफल जोड़प्रत्यारोपण में साथ रहने वाले डॉ प्रयंक हिशीकर आर्थोपेडिक एवं आर्थोस्कोपी स्पोर्ट मेडिसीन विषेशज्ञ, डॉ सुप्रिती शर्मा (एनेथेसियोलॉजिस्ट), डॉ. असित नायक (एनेथेसियोलॉजिस्ट), ओटी स्टाफ एवं नर्सिंग स्टाफ मौजूद थे। श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल के आर्थोपेडिक विभाग में दूसरे प्रदेश से भी जोड़प्रत्यारोपण कराने नियमित रूप से आ रहे है।

# आज हलषष्ठी व्रत-पूजन की बिखरेगी छटा



राजनांदगांव (दावा)। भादो मास के कृष्ण पक्ष की षष्ठमी तिथि को आज शहर सहित पूरे अंचल भर में हलषष्ठी व्रत-पूजन की धूम बनी रहेगी। संतान की दीर्घायु की कामना से रखे जाने वाले हलषष्ठी व्रत के लिए पूजन सामग्री व अन्य चीजों की खरीदी के लिए बाजार में खासी भीड़ उमड़ी है। शहर के जय स्तंभ चौक रोड, जुनी हटरी रोड, मुख्य मार्केट गोल बाजार, शनि मंदिर रोड सहित गंज चौक, हार्ट बाजार, नंदई चौक, महामाया चौक आदि जगहों से पूजन सामग्री की दुकाने सजी हुई है। वही हलवाई लाइन में स्टाल लगाकर दूध-दही, घी आदि का विक्रय किया जा रहा है। बता दे कि हल षष्ठी व्रत पूजन में भैस के दूध व दही सहित इससे बने घी की विशेष मांग बनी रहती है। अतः इसकी शहर के हॉटेल, रेस्टारेन्ट, दुग्ध भंडार में इसकी डिमांड बढ़ गई है। इसी तरह हलषष्ठी व्रत समापन के दौरान प्रसाद सेवन के लिए पसहर चावल की भी खासी मांग बनी हुई है। बाजार में उपरोक्त स्थानों सहित चौक चौरोहों में भी पसहर चांवल बेचने वालों की दुकाने सजी हुई है। जहां पसहर चांवल 20 रूपए गिलास अर्थात 200 रूपए किलो बिक रहा है। आज इसके दाम में सौ-पचास रूपए की और भी वृद्धि देखी गई है।

बता दे कि हलषष्ठी व्रत के दौरान पूजन पूर्व संतानवती महिलाएं खम्हार अथवा महुआ का दातौन करती है तथा पूजन के पश्चात पसहर चांवल से बने प्रसादी को ग्रहण करती है। वहीं पूजा के समय पत्तल दोने व कासी फूल तथा सात प्रकार के भाजियों की आवश्यकता होती है। इसके अलावा मिट्टी की बनी गोलिया, नाव, पतवार व शिव लिग सहित नदी महराज आदि पूजन के लिए बनाये जाते है। उपर्युक्त सभी चीजे बाजार में बिकने आया हुआ है। बाजार में कांसी मिले हुए दोना पत्तल के दाम 50 रूपए बताया जा रहा है। इसी तरह पूजन सामग्रियों में लाई, महुआ, मटर, गेंहू दाना, जौ आदि सहित नारियल फल-फूल, मेवा-मिष्ठाने की दुकाने भी सजी हुई है। जहां खरीदारी करती हुई खास कर महिलाओं ही ज्यादा नजर आ रही है।

बता दे कि इस बार हलषष्ठी व्रत पूजन कार्यक्रम दो दिनों तक बना हुआ है। पंडितों के अनुसार आज 24 अगस्त शनिवार को वास्तविक हलषष्ठी पूजन है। वही कैलेण्डर के अनुसार भाद्रपद की षष्ठमी तिथि रविवार 25 अगस्त तक हलषष्ठी व्रत पूजन बना हुआ है। अतःहलषष्ठी व्रत पूजन को लेकर दो दिनों तक बाजार गुलजार बना रहेगा। आज व कल दोनों दिनों तक अपने संतान की लम्बी उम्र व निरोगमयता की कामना से संतानवती महिलाओं द्वारा रखे जाने वाले हल षष्ठी का पूजन दोपहर बाद सगरी बनाकर किया जाएगा।

बता दे कि इस दिन भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई हलधारी बलराम का जन्म होने के कारण हलषष्ठी पर्व को उसके जन्मदिन पर्व से जोड़ कर देखा जाता है। संतानवती माताएं उक्त मान्यता के तहत? कृषि संस्कृति के संपोषक हलधारी भगवान बलराम जैसे बलिष्ठ व दीर्घजीवी संतान की कामना से हलषष्ठी व्रत रखती है। बहरहाल आज संतानवती महिलाएं नये वस्त्र परिधान धारण कर तथा सोलहों श्रृंगार से युक्त हो कर सगरी पूजन करेंगी। उक्त हेतु एक निश्चित स्थान पर सगरी खुदवा कर एवं उसमें दूध दही अर्पित कर तथा प्रकृति के प्रतीक झाड़- झंखाड़ी से आच्छादित उक्त सगरी समीप मिट्टी से निर्मित बाल खिलौने व शिवलिंग एवं नंदी महराज का विधि- विधान से पूजा किया जाएगा।और चित्त लगाकर पंडितों के मुख से हलषष्ठी व्रत का कथा श्रवण किया जाएगा। पूजा समाप्ति पश्चात व्रती महिलाएं घर के बड़े-बूढ़ो से आशीर्वाद ग्रहण कर पसहर चांवल व दूध-दही से निर्मित प्रसादी का सेवन करेंगी। सगरी पूजन के दौरान महिलाओं की खासी उपस्थिति बनी रहेगी, वहीं प्रसादी पाने की चाहत में वहां बच्चों का मजमा देखा जा सकेगा। इस दौरान वहां के आसपास का वातावरण धर्ममय व गुलजार बना रहेगा।

# गौरीनगर के सबसे पुराने शीतला मंदिर पुनर्निर्माण का हुआ भूमिपूजन



राजनांदगांव (दावा)। गौरी नगर के सबसे पुराने शीतला मंदिर का भूमि पूजन विधि विधान के साथ वैदिक मंत्रोचार के साथ बड़ी संख्या में वार्डवासियों की उपस्थिति में किया गया। पंडित मनोज शुक्ला द्वारा अनुस्थानिक मंत्रों पश्चात गौरी नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं वार्ड के पूर्व पार्षद हफीज खान नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर हफीज खान ने शीतला मंदिर के ऐतिहासिक महत्व प्रकाश डालते हुए कहा कि शीतला माता मंदिर गौरी नगर का सबसे पुराना मंदिर है, जिसे गौरी नगर पुराने नागरिकों ने मिलकर बनाया था, ठाकुर शेर सिंग मांडवी, एम.एल. कुंजाम, रजलाल साहू, दिनेश श्रीवास्तव, शंकर लाल चेद्दिया, संतोष नेताम, सेंद्रे बाबू, विठ्ठल राव आदि वरिष्ठ नागरिकों के योगदान से हुआ था व मंदिर पुनर्निर्माण में जो संभव सहयोग होगा मैं पूरा करने का प्रयास करूंगा इस अवसर मंदिर समिति के सदस्यों को बधाई देता हूं।

साथ ही उक्त भूमिपूजन के अवसर पर पार्षद समद खान, मोहित यादव, डॉ. अरविंद सिन्हा, निलेंद यादव, आकाश सिंह ठाकुर, अभिमन्यु मिश्रा, गणेश सिन्हा, नूतन वैष्णव, विजय यादव, कचरू रजक, सुरेश देवगन, भोला परते, अशोक निर्मलकर, नरेंद्र सुलखे, राजू पेंटर, गोलू यादव, कुंभ लाल यादव, लहरी मामा, शिव लाल ठाकरे, लाला यादव, मोंटू यादव, रोहित पटेल, दिनेश देवांगन सहित नागरिकगण उपस्थित रहे।

# श्री गोविंदा उत्सव 27 अगस्त मंगलवार को



**पर्व को ऐतिहासिक बनाने बैठक में लिए गए अनेक निर्णय**

डोंगरगढ़ (दावा)। श्री कृष्ण भगवान का जन्म उत्सव मनाने हेतु, विगत दिनों गट्टानी भवन में श्री गोविन्द उत्सव समिति के सदस्यों की आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व अगस्त दिन सोमवार को होगा। तदानुसार श्री गोविन्द उत्सव पर्व गोविंदा 27 अगस्त दिन मंगलवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। पर्व का जुलूस डोला शोभायात्रा अपरान्ह 12:05 को श्री महावीर मंदिर से प्रारंभ होकर पूरे शहर में भ्रमण करते हुए शाम 7 बजे श्री महावीर मंदिर परिसर पहुंचेगा एवं आरती पूजन उपरांत पर्व का समापन होगा। श्री गोविन्द उत्सव कमेटी के अध्यक्ष अनिल कुमार गट्टानी ने प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी उत्सव में सपरिवार ईष्ट मित्रों सहित उपस्थित होकर दर्शन लाभ लेने की अपील की है।

# रॉयल किड्स कॉन्वेंट में लीनेस क्लब सदस्यों द्वारा सेवन स्टार्स छात्रों का पुरस्कार से सम्मान



राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा एवं संस्कार के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान रॉयल किड्स कॉन्वेंट में दिनांक 23/ 8 /24 को शहर के प्रसिद्ध आज के मुख्य अतिथि लीनेस क्लब राजनांदगांव सिटी के सदस्य श्रीमती मीनू जैन (अध्यक्ष), श्रीमती बरखा बाफना (सचिव), श्रीमती एकता गुप्ता (कोषाध्यक्ष), श्रीमती नियामत हुड्डा, श्रीमती शोभा मारजिवे, श्रीमती ज्योति जैन, श्रीमती माला शुक्ला एरिया ऑफिसर के द्वारा शाला के सेवन स्टार्स (सात तारा) छात्रों को सम्मानित किया गया इस समारोह में छात्रों की उपलब्धियों को सराहा गया और उन्हें उनकी मेहनत के लिए पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर लीनेस क्लब के सदस्यों ने बच्चों को उनकी सफलता के लिए बधाई दी और उन्हें आगे भी ऐसी ही उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

सर्वप्रथम लीनेस क्लब अतिथियों का स्वागत कर, तत्पश्चात मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर पापा जी एलएसबी सिंह और समिति के संस्थापक डॉक्टर जेबी सिंह ( दादा )को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी स्मृति में कार्यक्रम की प्रभारी सुश्री तृप्ति मेश्राम कार्यक्रम की संयोजिका सुश्री पूनम दुबे ने 2 मिनट का मौन रखकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इसी कड़ी में चयनित सेवेन स्टार्स अवार्ड छात्रों के नाम कृष्णा प्रताप राजपूत कक्षा 12वीं सीबीएसई, लोकश जंघेल कक्षा 12वीं सीबीएसई, स्नेहा पटेल कक्षा 12वीं सीआईएससीई, अथर्व बोमले कक्षा 11वीं सीआईएससीई, चारवी चंद्राकर कक्षा दसवीं सीआईएससीई, लावण्या बाफना कक्षा आठवीं सीआईएससीई, रीति मेश्राम कक्षा आठवीं सीआईएससीई के छात्रों को अवार्ड देकर उनका सम्मान किया गया।

इस अवसर पर समिति अध्यक्ष डॉ. सविता जेबी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, निदेशक संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर, सिंह जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, अकैडमी डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल, बरसर आई के वैष्णव, सीबीएसई प्राचार्य, सीजी प्राचार्य पालक गण एवं शिक्षकगण और छात्रों ने इस कार्यक्रम में भाग लेकर शोभा बढ़ाई व इस अवसर की सराहना की।

# पावर लिफ्टिंग राष्ट्रीय खिलाड़ी चंचल गुप्ता का सम्मान



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी में विगत दिनों कांवड़ यात्रा निकाली गई, जो कि जी.ई.रोड स्थित प्रसिद्ध श्री बागेश्वर धाम मंदिर में समाप्त हुई। समापन अवसर पर श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट के पदाधिकारियों द्वारा शहर की बिटिया गोल्ड मेडलिस्ट नेशनल पावर लिफ्टिंग खिलाड़ी चंचल गुप्ता का दुप्पटे पहनकर एवं शिवलिंग भेंटकर सम्मानित किया।

## स्वच्छता पखवाड़ा 1 से 15 सितम्बर तक

राजनांदगांव (दावा)। शासन के निर्देशानुसार जिले के सभी स्कूलों एवं शिक्षण संस्थाओं में 1 सितम्बर से 15 सितम्बर 2024 तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें छात्र, शिक्षक एवं समुदाय की सक्रिय भागीदारी होगी। स्वच्छता पखवाड़े के तहत शालाओं व शिक्षण संस्थाओं में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। पखवाड़े के पहले दिन 1 सितम्बर को स्वच्छता शपथ दिवस, 2 व 3 सितम्बर को स्वच्छता जागरूकता दिवस, 4 व 5 सितम्बर को समुदायिक पहुंच दिवस, 6 सितम्बर को हरित शाला पहल दिवस, 7 व 8 सितम्बर को स्वच्छता सहभागिता दिवस, 9 व 10 सितम्बर को हाथ धुलाई दिवस, 11 सितम्बर को व्यक्तिगत स्वच्छता दिवस, 12 सितम्बर को स्वच्छता स्कूल प्रदर्शनी दिवस, 13 व 14 सितम्बर को स्वच्छता कार्यवाही दिवस दिवस एवं 15 सितम्बर को पुरस्कार वितरण दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

# युक्तियुक्तकरण एवं ऑनलाईन अवकाश नियम में सरकार करें संशोधन- शिक्षक मोर्चा



**शिक्षक हुए आक्रोशित**

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश के एलबी संवर्ग के समस्त शिक्षकों का साझा मंच छ.ग. शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रांतीय संचालकगण विकास सिंह राजपूत, मनीष मिश्रा, संजय शर्मा, विरेन्द्र दुबे के निर्देशानुसार 22 अगस्त को पूरे प्रदेश में युक्तियुक्तकरण नियम एवं ऑनलाईन अवकाश नियम में संशोधन करने और शिक्षक एलबी संवर्ग के मुख्य मांगों के संबंध में सभी जिला मुख्यालयों में ज्ञापन सौंपा गया। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा जिला ईकाई- राजनांदगांव द्वारा जिला संचालकगण छन्नूलाल साहू ,रमेश कुमार साहू, गोपी वर्मा एवं सुशील नारायण शर्मा के संयुक्त अगुवाई में जिला कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी के हाथों ज्ञापन सौंपा गया। उक्त ज्ञापन मुख्यमंत्री छ.ग. शासन, सचिव स्कूल शिक्षा विभाग एवं संचालक लोकशिक्षण संचालनालय छ.ग.के नाम सौंपा गया।

छ.ग. शिक्षक संघर्ष मोर्चा जिला संचालक छन्नूलाल साहू ने बताया कि, छ.ग. शासन स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा वर्तमान में प्रक्रियाधीन युक्तियुक्तकरण के लिए संदर्भित निर्देश शिक्षा की गुणवत्ता ,छात्रहित, शिक्षक व पालक हितों के प्रतिकुल है। जिसमें 60 बच्चों पर केवल 2 शिक्षक प्रधान पाठक सहित किया जा रहा है। जो कि,अव्यवहारिक और त्रुटिपूर्ण है। छ.ग.शासन द्वारा जारी 2008 के सेटअप में प्राथमिक शाला में न्युनतम छात्र संख्या पर एक प्रधान पाठक व 2 सहायक शिक्षक का पद स्वीकृत किया गया था। परन्तु वर्तमान का युक्तियुक्तकरण में 2008 के सेटअप को भी नंजरअंदाज किया जा रहा है।

यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के नियमों का उल्लघन है।अभी प्रक्रियाधीन युक्तियुक्तकरण से सहायक शिक्षक व शिक्षक की पदोन्नति 50 प्रतिशत तक कम हो जायेगी। इससे शिक्षकों के पदोन्नति के अवसर कम हो जायेगें। जो पूर्णतः अनुचित है। इस युक्तियुक्तकरण नियम से शाला में पदो की संख्या कम कर दिया गया है, जिससे नई शिक्षकों की भर्ती नहीं होने के कारण प्रशिक्षित बी.एड. एवं डी.एड. बेरोजगारों के साथ भी अन्याय होने की प्रबल संभावना है।

प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला में शिक्षकों की संख्या को घटाया गया है, जिससे शिक्षण के स्तर में गिरावट आयेगा। संघर्ष मोर्चा के जिलाध्यक्ष छन्नूलाल साहू ने आगे बताया कि, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा एजुपोर्टल में ऑनलाईन अवकाश के संबंध में नियम बनाया गया है। वह विसंगति पूर्ण है जिसमें सुधार करने की जरूरत है। मेडिकल अवकाश, अर्जित अवकाश, संतान पालन अवकाश लेने के लिए 1 सप्ताह के अंदर एजुपोर्टल में ऑनलाईन एंट्री का ऑपशन दिया जावे। आकस्मिक अवकाश एवं ऐच्छिक अवकाश को ऑफलाईन आवेदन देने की प्रक्रिया को यथावत रखा जावे। साथ ही शिक्षक एलबी संवर्ग का एक-सूत्रीय मांग जिसमें पूर्व सेवा की गणना कर प्रथम नियुक्ति तिथि से सही वेतन का निर्धारण कर, सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर कर/ क्रमोन्नत वेतनमान का निर्धारणकर,पुरानी पेंशन निर्धारित करे एवं कुल 20 वर्ष की पूर्ण सेवा में पुरानी पेंशन प्रदान किया जावे।

# गणेश प्रतिमा निर्माण में मिट्टी का उपयोग करने निगम आयुक्त ने की अपील

**स्थल निरीक्षण कर प्लास्टर आफ पेरिस का उपयोग नहीं करने मूर्तिकारों को समझाईस देने स्वास्थ्य विभाग को दिये निर्देश**

राजनांदगांव (दावा)। आगामी गणेश पर्व को ध्यान में रखते हुये एवं प्लास्टर आफ पेरिस की प्रतिमा का निर्माण प्रतिबंधित किये जाने शासन निर्देश के अनुक्रम में नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने शहर के गणेश प्रतिमा निर्माण करने वाले मूर्तिकारों से प्रतिमा निर्माण के लिये मिट्टी का उपयोग करने की अपील की है। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिये है कि मूर्ति निर्माण में प्लास्टर ऑफ पेरिस का उपयोग नहीं करने मूर्तिकारों को समझाईस देवे।

इस संबंध में आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि गणेश प्रतिमा का निर्माण के लिये मिट्टी का उपयोग किया जाना है। शासन निर्देशानुसार प्लास्टर आफ पेरिस की प्रतिमा का निर्माण पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। यदि प्लास्टर आफ पेरिस की प्रतिमा का निर्माण करते पाया जायेगा तो संबंधित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जावेंगी। उन्होंने कहा कि प्लास्टर आफ पेरिस पानी में घुलता नहीं है और उससे नदी एवं तालाब का पानी प्रदुषित होता है। जिसे ध्यान में रखते हुये मिट्टी का ही गणेश प्रतिमा का निर्माण करना है। आयुक्त श्री गुप्ता ने स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा से कहा कि स्वच्छता निरीक्षक एंव स्वास्थ्य अमला गणेश प्रतिमा निर्माण स्थल में जाकर मूर्तिकारों को प्लास्टर आफ पेरिस का गणेश प्रतिमा नहीं बनाने तथा मिट्टी से प्रतिमा निर्माण करने समझाईस देवे। उन्होंने शहर के मूर्तिकारों से अपील करते हुये कहा है कि गणेश प्रतिमा का निर्माण में मिट्टी का उपयोग करना है, अपालन की स्थिति में निगम प्रावधानों के अनुरूप कार्यवाही की जावेगी।

# अनमोल दावा

> याद रखे कोई भी काम बिना बाधा के पूरा नहीं होगा, सफलता उन्ही लोगों के पैर चूमती है जो अंत तक प्रयास करते है।

## आंदोलन के समांतर, डॉक्टरों की हड़ताल से पैदा हुई समस्या का कौन करेगा समाधान

विडंबना यह है कि हड़ताल से उन मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जो मजबूरी में इलाज कराने वहां पहुंचते हैं। कोलकाता में एक प्रशिक्षु चिकित्सक की बलात्कार के बाद हत्या की घटना ने सभी संवेदनशील लोगों के भीतर दुख और आक्रोश भर दिया है। यह बेवजह नहीं है कि बड़ी तादाद में लोगों ने इस मामले में न्याय सुनिश्चित करने से लेकर महिलाओं के खिलाफ अपराध पर काबू पाने के लिए एक कारगर व्यवस्था बनाने के लिए आवाज उठाई है। इसी के तहत कई राज्यों में सरकारी अस्पतालों के चिकित्सकों ने हड़ताल कर दी, जिससे वहां कामकाज बाधित हुआ। चिकित्सकों के दुख और गुस्से से किसी को भी असहमति नहीं हो सकती और इस मुद्दे पर उनकी मांग वाजिब है।

विडंबना यह है कि हड़ताल से उन मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जो मजबूरी में इलाज कराने वहां पहुंचते हैं। कोलकाता की घटना पर दुख के समांतर पिछले कुछ दिनों से यह सवाल भी चिंता की वजह बन रहा था कि चिकित्सकों की हड़ताल की वजह से जो समस्या खड़ी हो रही है, उसका समाधान क्या हो।शायद यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट ने इस मसले पर सुनवाई के दौरान चिकित्सकों की सुरक्षा और संरक्षण को सर्वोच्च राष्ट्रीय चिंता का विषय बताते हुए हड़ताल वापस लेने और काम पर लौटने की अपील की और कहा कि चिकित्सकों के काम से दूर रहने से समाज के उन वर्गों पर असर पड़ता है, जिन्हें चिकित्सीय देखभाल की जरूरत है। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि न्याय और चिकित्सा को रोका नहीं जा सकता। हड़ताल की वजह से खासतौर पर गरीब तबकों से आने वाले मरीजों को हो रही दिक्कतों का अंदाजा भर लगाया जा सकता है।

ऐसे तमाम लोग होते हैं, जो किसी बीमारी के इलाज के क्रम में अस्पतालों में दो-दो वर्ष पहले समय लेते हैं और बहुत मुश्किल से उन्हें किसी चिकित्सक से इलाज या आपरेशन कराने का मौका मिल पाता है। ऐसे में अगर सिर्फ हड़ताल की वजह से उन्हें यह कहा जाए कि आपका इलाज नहीं हो सकता, तो इसे कैसे देखा जाएगा। दूसरी ओर, सरकारी अस्पतालों में हड़ताल की वजह से अगर कोई मरीज मजबूरी में निजी अस्पतालों या क्लीनिकों में इलाज के लिए पहुंचता है तो वहां उसे आर्थिक खर्च की किस कसौटी को पूरा करना पड़ता है, यह छिपा नहीं है।

निश्चित रूप से एक बेहद तकलीफदेह घटना पर चिकित्सकों का आंदोलित होना और प्रदर्शन करना लोकतांत्रिक अधिकार है। इस आंदोलन को समाज के सभी संवेदनशील लोगों का समर्थन मिला है। मगर इसकी वजह से सरकारी अस्पतालों के कामकाज में जिस स्तर की मुश्किल पेश आई है, वह भी चिंताजनक है। यों सुप्रीम कोर्ट की अपील के बाद दिल्ली में एम्स और राममनोहर लोहिया अस्पताल के चिकित्सकों ने अपनी हड़ताल खत्म करने और ड्यूटी पर जाने की घोषणा कर दी, मगर कुछ राज्यों में अभी भी अस्पतालों की सेवाएं प्रभावित हैं।

गौरतलब है कि चिकित्सकों की शिकायतों को सुनने के लिए एक समिति का गठन कर दिया गया है। वहीं सीबीआइ ने अपनी स्थिति रपट में जिस तरह की लापरवाहियों और सबूतों से छेड़छाड़ की ओर संकेत किया है, वह बंगाल पुलिस और राज्य सरकार के रुख को कठघरे में खड़ा करता है। ऐसी स्थिति में इस मसले पर चिकित्सकों सहित सभी लोगों की चिंता समझी जा सकती है। मगर यह ध्यान रखने की जरूरत है कि किसी आंदोलन से व्यापक स्तर पर वैसे लोगों के जीवन के सामने संकट न पैदा हो, जो पहले ही बीमारी से घिरे कई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं!

# हलषष्ठी का व्रत और पुत्र दीर्घायु की कामना

**प्रमेशदीप मानिकपुरी**



छत्तीसगढ़ मे हरियाली त्यौहार के साथ ही तीज त्यौहारो की तैयारी एवं उत्सव मनाने के शुरुआत हो जाती है। इसी कड़ी मे सावन पूर्णिमा के बाद भाद्र कृष्ण पक्ष के छठ को हलषष्ठी का पर्व आता है जिसमे महिलाओं के द्वारा अपने संतान की दीर्घायु और मंगलकामना हेतु व्रत रखा जाता है। इस व्रत के माध्यम से संतानहीन महिलायें पुत्र प्राप्ति की कामना करते है तथा व्रत के माध्यम से छठ माता से पुत्र की वरदान मांगती है हरछठ माता सबकी झोली भरने वाली मानी जाती है अलग अलग प्रदेश मे इसे अलग तरीके से भी मनाते है परन्तु छत्तीसगढ़ का यह पर्व बड़ा ही मार्मिक है एवं धार्मिक रीति रिवाज से किया जाने वाला व्रत है जो छत्तीसगढ़ के वात्सल्य भावना को प्रदर्शित करती है जो की छत्तीसगढ़ प्रदेश की अलग पहचान बनाती है।

हलषष्ठी का महत्व इसलिए और भी बढ़ जाता है क्योंकि इसी दिन वासुदेव और रोहिणी के पुत्र बलराम का जन्म हुआ था जिसे हलधर भी कहते है कयोकि बलराम को शस्त्र मे मुसल और हल दोनों काफी पसंद है इसलिए बलराम का एक नाम हलधर भी है इस कारण भी इस दिन का बड़ा महत्व है। इसी कारण ही इसे इस दिन की पूजा अर्चना का विशेष महत्व पहले से ही है। इसी कारण ही इसे हलषष्ठी भी कहते है जिसे हमारे छत्तीसगढ़ मे कमरछठ भी कहते है। इस कारण भी इस दिन पूजा अर्चना का विशेष आयोजन का होना पहले से महत्वपूर्ण है इस दिन व्रत के माध्यम से बलराम जैसे पुत्र प्राप्ति की कामना से व्रत रखते है। हरछठ माता से बलशाली पुत्र प्राप्ति हेतु माता महिलाये आशीर्वाद लेती है।



बलराम जी के जन्मदिन के कारण ही इसका एक नाम हलछठ भी है। यह व्रत सभी पुत्रवती महिलाओ को व्रत अवश्य रखना चाहिए क्योंकि इस व्रत का पुण्यफल संतान को प्राप्त होता है।

**आज हलषष्ठी पर विशेष**

इस दिन महिलाये केवल पसही (पसहेर)का चावल को ही प्रसाद स्वरूप ग्रहण करती है दही के साथ ही सात प्रकार की अलग भाजीयों की सब्जिया बनाते है शाम को उसी प्रसाद से व्रत खोलती है इस दिन महिलायें। पांच या सात प्रकार की आनंज से छोटे छोटे बर्तन मे पुत्र के हिसाब के भरती है। इस दिन गाय का दूध वर्जित है इस व्रत मे भैस का दूध और दही का इस्तेमाल किया जाता है। महुआ को खाया जाता है इस दिन दातुन महुवा का किया जाता है। इस व्रत मे लई के साथ साथ महुआ और नारियल को पूजा मे शामिल किया जाता है पूजा अर्चना पश्चात लाई नारियल और महुआ को प्रसाद के रूप मे वितरण किया जाता है।

व्रत - इस दिन महिलायें सुबह से नये वस्त्र धारण करती है एवं पूजा अर्चना की तैयारी करती है जिसमे दूध, दही, लाई, महुआ, नारियल, अक्षत चंदन, गुलाल आदि की तैयारी कर दोपहर मे चौक मे सगरी निर्माण कर मोहल्ले की सभी महिलाये सगरी भरती है एवं पूजा अर्चना कर वही पर ब्राह्मण देव से हरछठ माता की कथा का श्रवण करती है शाम को घर आकर पुनः पूजा अर्चना करती है और घर में दीपक जलाकर प्रसाद वितरण से पहले अपने बच्चों को पोती मारती है (पोती मतलब हल्दी लगा हुआ कपास होता है जो पूजा मे इस्तेमाल किया गया होता है उसे अपने बच्चों की पीठ मे मारती है कहा जाता है इस प्रकार पोती मारने से संतान पर आने वाली सारी विपदाए नस्ट हो जाती है उनका मंगल होता है) तदुउपरांत बड़े बुजुर्गो का आशिर्वाद लेकर सर्वप्रथम प्रसाद का हिस्सा गाय के लिए फिर अपने खो चुके अर्थात दिवंगत हो चुके पुत्र-पुत्री के लिए भी हिस्सा निकालती है उसके बाद घर के सभी लोगों को प्रसाद वितरण पश्चात स्वयं पसही चांवल, दही, भाजी के माध्यम से व्रत खोलती है और प्रसाद ग्रहण करती है।

आस्था और विस्वास का यह व्रत छत्तीसगढ़ की एक अलग ही पहचान को प्रदर्शित करती है । यह पर्व पुत्र के लोक कल्याण और मंगल कामना के लिया किया जाना वाला सबसे बड़ा व्रत है। इस व्रत के माध्यम से महिलाये अपने संतान की उज्जवल भविष्य और उनके दीर्घायु हेतु विशेष विधि विधान से पूजा अर्चना कर अपने मातृ धर्म का निर्वहन भलीभांति करती है। माताएँ अपने संतान को बलराम के जैसे श्रेष्ठ और बलशाली बनाने के मंगल कामना करती है। कमरछठ का त्यौहार छत्तीसगढ़ का एक बहुत महत्वपूर्ण त्यौहार है जिसमे माताएँ अपने पुत्र के कुशल मंगल की कामना करती है और यह कब लोक कल्याण से जुड़कर कब राष्ट्र कल्याण मे तब्दील हो जाती है पता भी नहीं चलता है और एक दिन यह लोक मंगल की भावना मे परिवर्तित हो जाती है जिससे समस्त जग का कल्याण होता है। समस्त महिलाओं को हलषष्ठी की हार्दिक शुभकामनायें।

**आमाचानी धमतरी छ.ग. 9907126431**

# विचार सरिता

## मन में बसे हैं राम - 239 : माता कौशल्या ने कहा, राम! तुम मर्यादा, शील और सत्य के सबसे बड़े आदर्श होगे

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



''आपका सुझाव अति उत्तम है माता, परंतु वनवास का अर्थ होता है, सघन और दुर्गम वन क्षेत्र में निवास करना, जहां अपने निकट संबंधियों से कोई संपर्क न हो, जहां वन के नर नारी ही उसके मित्र हों, जहां वन के पशु-पक्षियों और पेड़ पौधों से उसका सीधा जुड़ाव हो।जहां का परिवेश ही वन में मेरे पिता की भूमिका में होंगे और वन देवी ही माता की भूमिका में होंगी। वहां मुझे सुख सुविधाओं के किसी भी क्षेत्र से दूर ही रहना होगा माते!'' श्री राम ने दृढ़तापूर्वक उत्तर दिया।

''मुझे ज्ञात है राम कि तुम मेरे ऐसे किसी भी प्रस्ताव को नहीं मानोगे, जिसमें सुख सुविधाओं का एक भी अंश होगा। मैं स्वयं भी तुम्हें महाराज दशरथ और कैकेई की किसी प्रतिबद्धता का पूर्णरूपेण अनुपालन करते हुए देखना चाहूंगी। तुम विशिष्ट हो राम! जब तक यह धरती रहेगी, तब तक मर्यादा,शील और सत्य आचरण के लिए तुम्हारा नाम सबसे बड़े आदर्श के रूप में सदैव प्रतिष्ठित रहेगा। मैं जानती हूं कि तुम्हारा जन्म विशिष्ट उद्देश्यों के लिए हुआ है और मैं तुम्हें अयोध्या की सीमा तक सीमित नहीं कर सकती हूं। संभवतः कैकेई ने भी यही सोचा होगा।'' माता कौशल्या ने कहा।

लक्ष्मण जी ने कहा, ''आप भले ही पूर्णरूपेण वन क्षेत्र में निवास करेंगे, लेकिन क्या अयोध्या राज्य का यह कर्तव्य नहीं होना चाहिए कि वह अपने श्रेष्ठ राजकुमार को वन में निवास करने के लिए न्यूनतम आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराए।भैया! अगर ऐसा नहीं है तो निश्चित ही आपको वनवास भेजने के पीछे कोई गहरा षड्यंत्र है। अगर मुझे अनुमति मिले तो मैं तत्काल पिता महाराज और छोटी माता से भेंट करता हूं और उस मूल कारण का पता लगाता हूं, जिसके कारण अयोध्या में इतने अप्रत्याशित निर्णय लिए गए।अगर मेरे अन्वेषण में यह ज्ञात हुआ कि आपको वन भेजने के पीछे गहरा षड्यंत्र है तो मैं दशरथ नंदन लक्ष्मण यह संकल्प करता हूं कि उस मूल षड्यंत्रकारी को..''

श्री राम ने हाथ के संकेत से लक्ष्मण जी को आगे कुछ कहने से रोक दिया। (भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## गांव म बरदिहा ल लउठी देय के परम्परा

हमर भारत देश ह कृषि प्रधान देश आय अउ येखरे सेती येला सोना के चिड़िया घलो केहे जाथे, जिहां मुख्यतः धान के फसल जादा उगाय जाथे अउ ये भारत भुइयां के मध्यप्रान्त म हमर छत्तीसगढ़ राज बसे हवय जउन ल हम धान के कटोरा के नाम ले जानथन अउ धान के फसल उगाय बर किसान मनके सबले बड़का ताकत अउ संगवारी पशुधन होथे। जेखर ले हमर किसान संगवारी मन अपन खेती के काम ल करथे, फेर बेरा के संग आधुनिकता के प्रभाव अउ शहरी सम्पर्क ले जुड़ाव के परिणाम आय कि आज हमर किसानी करे के तरीका म भी बदलाव देख पावत हन। अधिकांश खेती किसानी के बुता जउन बइला-भईसा के माध्यम ले होवत रिहिस वो अब यांत्रिक उपकरण ले होवत हे। जेखर ही परिणाम आय कि आज हम पशुपालन ले दुरिहा होवत जावत हन अउ येखरे सेती अब आवारा छेल्ला गरुआ भी देखे ल मिलथे। अब कउनो दुधारू गाय बछिया घलो नई पाले जावत हे। भले केहे बर हमन हिन्दू धर्म म गाय ल गऊ माता के रूप म पुजा करथन। फेर अब असल हकीकत अलग हवय।

आज घलो कतकोन ग्रामीण परिवेश म हमर पुरखा मन ले चले आवत परम्परा अउ पारम्परिक तरीका ले खेती किसानी करे जावत हे। जिहां भारत के असल गांव के झलक देखे बर मिलथे। तपत घाम के बाद जइसे मानसून के पानी गिरथे अउ गांव के मनखे अपन किसानी बुता म लग जथे। बईला नांगर ले बावत करे के बाद खेत म धान हरिया जथे तब गांव म सबो घर के गरु गाय ल चराय बर एक झन बरदिहा लगाय जाथे। ताकि खेत के फसल ल गाय गरु चरे झन। बरदिहा राऊत यादव जात के कउनो एक परिवार के ल लगाय जाथे। जेखर बलदा म अपन - अपन गरुआ के गिनती के हिसाब ले चरवाहा ल निर्धारित चार काठा पांच काठा धान देथे, जउन गांव के बईटका मा पंच पटेल जेवर बांधे रथे। गांव म मुनादी (कोतवाल हांका परथे) होथे की काली बिहनिया अपन - अपन गरुआ ल खेरखा डार म खेदत जहु करके फेर हरेली तिहार के आस पास गांव म तिहार मानके बरदिहा ल गौठान/खैरखा डार म लउठी देय के परम्परा के निर्वहन करे जाथे। जउन एक परकार ले नेंगहा मने सांकेतिक होथे कि हम गांव भर के मनखे मिलके हमर गांव के सांहड़ा देवता ल साक्षी मानके आज ले विधिवत रूप ले आप ल बरदी चराय के कारज सउपत हन।



गांव के जम्मो घर ले सुपा म धान, सुख्खा मिरी, दार अउ आने कही साग भाजी धरके गउठान मेर सकलाथे। फेर गांव के पंच पटेल संग मिलके पांच झन जउन ल हम पंच परमेश्वर के रूप मानथन सांहड़ा देवता मेर एक ठन सुपा के धान ल धरके अउ बरदिहा राउत के संग भगवान के पूजापाठ करके नरिहर फाटा फोड़े के बाद एक सुपा धान ल गउठान म सकलाय गरुआ ल खवाय के बाद बरदिहा राऊत ल तेंदूसार के लउठी ल गांव के पटेल के माध्यम ले भेंट करके साल भर खरीफ अउ ओन्हारी के फसल के होवत ले गरुआ ल सकेले (चराय) के जिम्मा देय जाथे। जउन आज घलो पुरखा ले गांव म अनवरत चले आवत हे फेर जउन हिसाब ले आधुनिकता हावी होवत हे अउ जनसंख्या बाड़त हे जेखर कारन पशु मन बर अब चारागाह के जगा नई बांचत हे। भरी-भाठा मन अब धनहा खेत बनगे अउ जंगल उजड़ के वोमा मनखे के प्रभाव बढ़ गेहे।

सरकार घलो कतको जगा ल वनपट्टा के नाम म गांव के बसुंदरा अउ किसान मन ल वोटबैंक के नाम म बांट दिस। आज स्थिति अइसे होगे हे कि गाय गरु के मूल्य नई हे बड़का गाय गरु 500 सौ म बेंचावत हे अउ वोखर ले ज्यादा भाव म कुकरा ह बेंचावत हे। येखर ले समझे जा सकथे की स्थिति कतका गंभीर हवय। अब हमन गाय गरु नई पालबो त हमन दीर्घायु कइसे रही पाबो। घरो घर पक्की घर बने ले पोतनी म गाय के गोबर ल डार के घर ल लिपे के परम्परा घलो नंदा गेय। खेती म गोबर खातू के जगा म अब रासायनिक खातू के उपयोग जादा होगे हे। येखर ले हमन खेती ले जादा ऊपज लेके आय तो बड़ लेवत हन, फेर आयु नई बड़ पावत हन। त हमर जुन्ना परम्परा ल फेर ले जीवित करे म ही हम सब मनखे के हित हवय।

**दुर्गेश सिन्हा ''दुलरवा'',**
**दुर्रे बंजारी छुरिया, जिला राजनांदगांव**

# सामयिक चर्चा

## डॉ. रमन साहब से उद्योग मिल की आस

बानी बोल- ''यह खबर पढ़कर
हमें अच्छा लगा गजाधर!
हमारा मन सुमन एक बारगी खिला
कि हमारे विधायक व
विधानसभा अध्यक्ष
डॉ. रमन सिंह के प्रयास से
हमारे राजनांदगांव को क्रेडा का
जोनल कार्यालय मिला।''
गजाधर मुस्कराएं बोले- ''बानी!
हमारे संस्कारधानी नगर के
विकास की खबर
जब भी हमें पढ़ने मिलती है,
सच कहें भैया!
हमारी भी तबीयत बहुत खिलती है।
पर हाँ बानी!
हमारे नगर राजनांदगांव की कभी
जो एक शान रही, एक गौरव रहा,
उसकी कमी, हमें आज भी बड़ी खलती है।
तो अब डबल इंजन सरकार के नेता
प्रभावशाली हैं, सम्माननीय हैं,
बीएनसी मिल जैसा
कोई बड़ा उद्योग यहाँ लगा दे।
और यहाँ के उदास, निराश
हताश मजदूरों को,
फिर से वैसई, अलसबेरे से,
पोंगा बजवाकर, जगा दें।



**-गिरीश बख्शी**

# कविता

## कमरछठ उपास

कमरछठ के तिहार होथे दाई दीदी बर खास।
भादो पक्ष छैठ के, रहिथे सब झन उपास।
गजब नियम बरत निभाथे, नई होय कभु उदास।
हुमधुप ले दीया बारे जगमग करय परकास।।
चारो मुड़ा ले बईठे सब, बीच म बनाय सगरी।
मोह माया सबलोभ तज के, बईठे रहिथ बपरी।
खेती खार घलो नई जाय, तज के बारी बखरी।
दुध दही गुड़ घी चघाके, मन म हरिल सुमरी।।
गांव के सियानिन दाई, छे ठन सुनाथे कहानी।
छै किसम के लाई चघाथे, अऊ गंगाजल के पानी।
हाथ जोर के जम्मो मांगे, सुखी जीवन जिन्दगानी।
सबल सुख सम्पति देबे, जय हो कमरछठ महरानी।।
माटी के बईला माटी के शिवलिंग,
माटी के खेल खेलौना।
लईका मन हर मजा लेवय, लागय सपना सुलौना।
छत्तीसगढ़ के परब बार, देथे सुघ्घर सीख।
एक दुसर ले बैर भुलाके, कवर सबो संग पिरित।।



आनंदराम सार्वा
कु.बो.भाठागांव

# कविता

## 'ना डर, सिर्फ आगे बढ़'

ना डर, सिर्फ आगे बढ़,
बढ़ाओं कदम, सिर्फ आगे बढ़।
कदम से कदम मिलाये चल,
ना झुककर चल, ना डरकर चल।
ताल से ताल मिलाकर चल।
कदम से कदम मिलाकर चल,
ना कदमों को रोक, ना पथ को छोड़,
मंजिल मिलेंगे, कदमों के पद चिन्ह छोड़।
कर्त्तव्य पथ पर, धर्म पथ पर सिर्फ आगे बढ़,
बढ़ाओं कदम, सिर्फ आगे बढ़।
नीत नये आयाम गढ़ता चल,
अतिरक्षों में उड़ान भरता चल।
आसमान की बुंलदियों को छुता चल,
दुश्मनों पर विजया प्राप्त,
विजय का शंखनाद कर।
तिरंगे झंडे फहराते चल,
तिरंगे का सम्मान कर।



**बलराम सिन्हा**
**ग्राम-सुरगी राजनांदगांव**

# राशिफल

**मेष** — आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज आपके बिजनेस की गति धीमी रहने के कारण आप परेशान रहेंगे। आज आलस और सुस्ती अपने ऊपर हावी न होने दें और समय की कीमत को पहचानिए। नजदीकी रिश्तों में स्वार्थ की भावना नजर आएगी। कोई पुरानी जायदाद संबंधित समस्या उठ सकती है।

**वृषभ** — आज का दिन खुशियां लेकर आया है। आज किसी भी स्थिति में आपको अपने समय का ख्याल रखना चाहिए। याद रखिए अगर समय की कदर नहीं करेंगे, तो इससे आपको ही नुकसान होगा। अपनी सकारात्मक सोच को सार्थक कामों में लगायेंगे तो आपकी रचनात्मक प्रतिभा सबके सामने खुलकर आएगी, लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ जायेगा।

**मिथुन** — आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आपका कोई काम समय से पूरा ना होने के कारण आपको थोड़ी समस्या होगी। आज आपकी योग्यता लोगों के सामने आएगी, इसलिए लोगों की परवाह न करके अपने कार्यों पर ध्यान रखें। राजनीतिक कामों में हाथ आजमा रहे लोगों को आज किसी बड़े पद की प्राप्ति हो सकती है।

**कर्क** — आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। जो लोग नौकरी कर रहे हैं, उन्हें अपने कार्यक्षेत्र में दिए गए कार्यों को समय पर पूरा करना होगा। उच्च अधिकारियों द्वारा आपको शुभ समाचार की प्राप्ति होगी7 व्यवसाय कर रहे लोग नई-नई योजनाओं को लागू करेंगे, जिससे व्यापार को आगे बढ़ा सके।

**सिंह** — आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। परिवार का सहयोग मिलेगा। परिवार के सभी लोग मिलकर किसी धार्मिक स्थान पर घूमने जाने की योजना बनाएंगे। नौकरी कर रहे लोगों को अपनी नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। जीवन साथी को आप कोई नया कार्य शुरू करा सकते हैं। पिता बिजनेस को बढ़ाने के लिए धन खर्च करेंगे।

**कन्या** — आज का दिन आपके लिए ख़ास रहने वाला है। आज किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए अच्छा रहने वाला है। किसी कानूनी मामले में भी आज आपको जीत मिलने के योग बन रहे है। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई पर फोकस बनाए रखना होगा। संतान से आपको किसी बात को लेकर कहासुनी हो सकती है लेकिन जल्द ही सब ठीक होगा।

**तुला** — आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज आप ऑफिस में बॉस द्वारा दिये गये काम को अपनी पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ करेंगे तो आपका इन्क्रीमेंट हो सकता है। इस राशि के छात्रों के अंदर कॉम्पिटिशन के प्रति जागरूकता पैदा होगी। आज किसी जरूरतमंद की मदद करने का मौका मिलेगा।

**वृश्चिक** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज परिवार वालों की सलाह आपके लिये महत्वपूर्ण रहेगी। आज आपके भौतिक सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। छात्र आज कुछ नया करने की कोशिश करेंगे, आपको अपने दिनचर्या में कुछ बदलाव करने की जरुरत है। कुछ खास लोगों से बातचीत करने का मौका मिलेगा।

**धनु** — आज का दिन आपके लिए समान्य रहेगा। आज आपके विरोधी भी आपके काम की सराहना करेंगे। आज आप अपनी बुद्धिमानी से सब काम संभाल लेंगे। नौकरी करने वाले लोगों को सहयोगीयो से मदद मिलेगी जिससे आपका कार्य जल्दी पूरा हो जायेगा। आज आपको बिजनेस के सिलसिले से राज्य से बाहर जाना पड़ सकता है।

**मकर** — आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आप किसी समारोह में शामिल होंगे आपकी उपस्थिति को महत्त्व मिलेगा। आज आपकी किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी जिससे आपको प्रभावित होंगे। अगर आपका पैसा कहीं फसा है तो उसे हासिल करने के लिए आज अच्छा दिन है।

**कुंभ** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। इस राशि के स्टूडेंट आज अपनी पढ़ाई में विशेष ध्यान देंगे जल्द ही आपकी सफलता के योग बन रहे हैं। स्पोर्ट्स से जुड़े लोग अपने कोच से कुछ नया सीखेंगे और अपना अच्छा परफॉर्मेंस देंगे कोरियर का बिजनेस कर रहे कारोबारियों को आज फायदा मिलेगा।

**मीन** — आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आप अपने आप को काफी तरोताजा महसूस करेंगे, जिससे आप अपने सभी कार्यों को समय पर पूरा करने में सफल होंगे। आज का दिन आनंद से भरा रहेगा, आप जिंदगी को पूरी तरह जिएंगे। आज लंबे समय से कर्जा आदि से आखिरकार आपको छुटकारा मिल जाएगा।

# दिव्यांग मूल्यांकन शिविर को लेकर शासन-प्रशासन नहीं है गंभीर



## सूचना व साधन के अभाव में नहीं पहुंचे दिव्यांग

डोंगरगांव (दावा)। नगर के जनपद पंचायत परिसर में इंडियन रेल्वे फाईनेंस कार्पोरेशन (सीएसआर) योजनान्तर्गत दिव्यांगों के लिए लगाए गए मूल्यांकन कैम्प में नाममात्र हितग्राही पहुंचे. जिला कार्यालय समाज कल्याण विभाग राजनांदगांव से प्रसारित जानकारी के अनुसार 23 अगस्त शुक्रवार को डोंगरगांव जनपद पंचायत में इंडियन रेल्वे फाईनेंस कार्पोरेशन (सीएसआर) योजनान्तर्गत दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण व कैलीपर्स एवं कृत्रिम अंग प्रदाय किये जाने हेतु मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया गया. इसके पूर्व 21 अगस्त को छुरिया, 22 को डोंगरगढ़ में भी यह शिविर आयोजित किया गया. डोंगरगांव में आयोजित शिविर प्रचार-प्रसार की कमी और जिम्मेदार अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की निश्क्रियता के चलते मात्र 3 दिव्यागों का ही पंजीयन किया गया. बता दें कि इस कैम्प में क्षेत्र के 76 ग्राम पंचायतों के 108 गांव के 117 दिव्यांगों चिन्हित किया गया था इसके अलावा क्षेत्र के अन्य हितग्राही भी यहाँ पहुंचकर शिविर का लाभ ले सकते थे किन्तु प्रचार-प्रचार की कमी के चलते शिविर में गिनेचुने दिव्यांग ही पहुंचे.

इस पर भी वांछित दस्तावेज नहीं होने की वजह से कुछ लोगों का नाम ही नहीं जोड़ा गया. बता दें कि उपसंचालक समाज कल्याण विभाग राजनांदगांव द्वारा बकायदा इन हितग्राहियों की नाम, मोबाईल नंबर व सूची भी जारी की गई थी ताकि वांछित अभिलेखों के साथ उपस्थित हो सकें लेकिन दिव्यांगों के लिए आयोजित इस शिविर की जानकारी सामान्यजन तक पहुंची ही नहीं और डोंगरगांव का यह शिविर अपनी औपचारिकतापूर्ण समाप्त हो गया. बता दें कि इस शिविर में भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम जबलपुर का तकनीकी दल व्दारा मूल्यांकन/चिन्हांकन का कार्य किया जा रहा था और वांछित अभिलेखों में चिकित्सा प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, पहचान पत्र और दो पासपोर्ट फोटो के साथ अपनी उपस्थिति देनी थी लेकिन दिव्यांगजनों के लिए लगाया गया यह शिविर औपचारिक ही रह गया. हॉलाकि दिव्यांगों के लिए 24 अगस्त शनिवार को राजनांदगांव संयुक्त जिला कार्यालय भवन में लगने वाले शिविर में एक अवसर और है किन्तु ग्रामीण क्षेत्र से जिला मुख्यालय तक दिव्यांगों का पहुंचना काफी चुनौतीपूर्ण है.

# शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन हो - प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन



खैरागढ़ (दावा)। वाणिज्य, उद्योग और श्रममंत्री एवं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन ने शुक्रवार 23 अगस्त को जिला कलेक्टोरेट खैरागढ़ के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर विकास कार्यो की समीक्षा की। बैठक में मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन हो और उसका बेहतर लाभ आम नागरिकों तक प्राथमिकता के साथ पंहुचे। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने कर्तव्यों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करते हुए जनहित के कार्य करने प्रेरित किया।

समीक्षा बैठक में राजनांदगांव लोकसभा सांसद संतोष पांडे, खैरागढ़ विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा, पुलिस अधिक्षक त्रिलोक बंसल, जिला पंचायत राजनादगांव की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरुचि सिंह, अपर कलेक्टर सहित अन्य विभागीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

मंत्री लखनलाल देवांगन ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने जिला अस्पताल के निर्माण के लिए जल्द से जल्द जगह चिन्हित करने को कहा। इसके अलावा जिले में ब्लड बैंक प्रारंभ करने की दिशा में तेजी से जुटने के निर्देश दिए। साथ ही मौसमी बीमारियों के रोकथाम के लिए तत्परता से जुट कर कार्य करने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

इसी तरह जल जीवन मिशन योजना की समीक्षा करते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को मंत्री लखनलाल देवांगन ने निर्देश देते हुए, कहा की योजना को सिर्फ़ पूर्ण करने के बजाए घर-घर तक पानी भी मिले इसकी भी निगरानी करें।

बैठक में मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सोच है की हर योजना का लाभ अधिक से अधिक आमजनों तक पहुंचे, इस दिशा में सभी विभाग समन्वय बनाकर काम करें। उन्होंने कहा कि यह नया जिला है, संसाधन की कमी अभी है, लेकिन आने वाले समय में विष्णु देव सरकार में क्षेत्र को किसी तरह की कमी नहीं आने दी जाएगी। इस दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा मंत्री श्री देवांगन को जिले की समस्याओं से अवगत कराया गया।

कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन को आश्वस्त करते हुए,कहा कि शासन के मंशानुरूप शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ आमजनों तक पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा बेहतर कार्ययोजना बनाकर लगातार प्रयास किया जा रहा है। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, पीएम उज्जवला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, स्वच्छ भारत मिशन आदि महत्वाकांक्षी योजनाओं सहित शिक्षा, श्रम, रोजगार, वन आदि विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा हुई और लक्ष्य के अनुरूप आवश्यक प्रगति लाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# सिंगपुर में पोट्ठ लईका अभियान के तहत जिला पंचायत सीईओ हुई शामिल



ठेलकाडीह (दावा)। शुक्रवार को पोट्ठ लईका पहल अंतर्गत चयनित आंगनबाड़ी केंद्र सिंगपुर में जिला पंचायत सीईओ सुरुचि सिंह की उपस्थिति में पालक चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हितग्राहियों को तिरंगा भोजन, कुपोषण पर, पोषण आहार सहित स्वच्छता के विषय में विस्तार से चर्चा किया गया। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं को कुपोषण से खुद को और बच्चों को बचाने के उपाय भी बताए। तिरंगा भोजन का महत्व बताए, यानी थाली में तिरंगे का रंग होना सफेद चावल, दूध और अंडे के लिए है, हरा रंग हरी सब्जियों के लिए है और केसरिया या पीला दाल, छोले, सोयाबीन, मांस आदि के लिए है। हमारी थाली में तीनों रंगों का होना संतुलित आहार के लिए महत्वपूर्ण है। सिर, बाथरूम का उपयोग करने के बाद हाथ धोने और भोजन करने से पहले हाथ धोने के महत्व के बारे में भी बताया गया। कुपोषित बच्चों, गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को जितना संभव हो उतना पौष्टिक भोजन प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। इसके अतिरिक्त कुपोषण से बाहर आने वाले बच्चों के पालकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में महिला बाल विकास से पर्यवेक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्य विभाग से पर्यवेक्षक, प्रेरक और मितानिन दीदी तथा पंचायत सचिव एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

# चिरचारीखुर्द में हुआ विकासखंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन



गैंदाटोला/कुमर्दा (दावा)। संचालनालय आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष) छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशन एवं ज़िला आयुष अधिकारी राजनांदगाँव के कुशल मार्गदर्शन में दिनांक 23 अगस्त दिन शुक्रवार को एक दिवसीय विकासखंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसमें निःशुल्क आयुर्वेद एवम् होम्योपैथी शिविर का आयोजन व रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने हेतु आयुष काढ़ा का वितरण चिरचारीखुर्द, विकासखंड छुरिया में किया गया।

शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि भोलाराम साहू विधायक खुज्जी, गिरधारी लाल साहू कार्यकारिणी अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुमरदा, डुमेश्वर साहू पूर्व जनपद सदस्य, कमता प्रसाद साहू उपाध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुमरदा, श्रीमति चित्ररेखा साहू सरपंच ग्राम पंचायत चिरचारी खुर्द, कृष्ण कुमार साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति चिरचारी खुर्द, श्री राजकुमार सिन्हा, श्री पूरन नेताम, श्री हरिराम पुजारी,श्री देवेंद्र कुमार साहू, श्री ऐद्रं कुमार साहू ग्राम पटेल एवं ग्राम के समस्त पंचगण व ग्राम के गणमान्य नागरिकों, शिविर प्रभारी डॉ. अनिरुद्ध पटेल, डॉ. वर्षा नागवंशी विशेषज्ञ चिकित्सक, डॉ. तपेश्वर सिंह, डॉ. हर्षा चौरसिया, के द्वारा भगवान धन्वन्तरि की पूजा अर्चना कर किया गया। जनप्रतिनिधियों ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से लोगों को चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराकर शासन के योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुँचाने के प्रयासों को खूब सराहना किया। इस शिविर में कुल 467 मरीज़ों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसमें लोगों को निःशुल्क आयुर्वेद/होम्योपैथी औषध एवं आयुष काढ़ा प्रदान किया गया। निःशुल्क औषधि वितरण के साथ ही शिविर में निःशुल्क बीपी की भी जाँच किया गया।

इस शिविर में शिविर प्रभारी डॉ. अनिरुद्ध पटेल, डॉ. वर्षा नागवंशी, डॉ. तपेश्वर सिंह आदि आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, डॉ. हर्षा चौरसिया, होमियोपैथी चिकित्सा अधिकारी, देवदास साहू, बसंत राजपूत, धीरजी राम सिंन्हा, भारत सूर्यवंशी सूर्यवंशी, आदि आयुर्वेद फ़ार्मासिस्ट, तोमन लाल ठाकुर, दीपक कुमार कोर्राम, गजेंद्र ठाकुर, रूपेश कुमार, औषधालय सेवक, शंकर लाल कंवर, तेजपाल यादव, छगनराम वर्मा (योग प्रशिक्षक) इत्यादि ने अपनी सेवाये दी।

# एक पेड़ मां के नाम के संदेश के साथ लगाए पौधे, सुरक्षा का लिया संकल्प



ठेलकाडीह (दावा)। जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष संतराम नागपूरे ने कहा पर्यावरण को शुद्ध बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना जरूरी हैं। ये हमें जीवन के लिए आक्सीजन, खाने के लिए फल और गर्मी में छांव देते हैं। धरा को हरा-भरा करने एवं जीवन को बचाने के लिए सबको पौधारोपण का संकल्प लेते हुए एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान आक्सीजन की मात्रा बढ़ाने, धरती का तापमान कम करने, भूजल स्तर को ऊपर लाने और प्रदूषण नियंत्रण में महत्वपूर्ण योगदान करने में सार्थक है। इस मौके पर वंदिता महोबिया, विजिया लहरे, कमल किशोर मिश्रा, स्वाति जैन, मीरा वर्मा, मंजू साहू, लेखन शुक्ला, प्रेमशंकर चंदेल, कोशिल्य पटेल, संतोषी श्रीवास, राजाराम यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### एक पौधा मां के नाम लगाकर करें सुरक्षा

शुक्रवार को सहसपुर दल्ली हाई स्कूल परिसर में पौधरोपण करते हुए नागपूरे ने कहा कि मानव जीवन पांच तत्वों से बना है, हमारे जीवन में पेड़ पौधों का बहुत ही महत्व है। स्वास्थ्य जीवन के लिए पेड़ लगाने महत्वपूर्ण हैं। कहा कि मां के नाम पर एक पौधा जरूर लगाएं।

# हूक लगाकर विद्युत की चोरी करने वाले के खिलाफ कनिष्ठ अभियंता ने पुलिस में दर्ज कराई शिकायत

डोंगरगढ (दावा)। बार-बार समझाईस देने के बाद भी हुक लगाकर विद्युत की चोरी करने वाले के खिलाफ विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता ने पुलिस में शिकायत दर्ज करा कर कार्रवाई की मांग की है। कनिष्ठ अभियंता ने पुलिस को जानकारी देते हुए बताया कि वे छ.ग.स्टे.पा. ड्रिस्ट्रीब्यूट कंपनी लिमिटेड मुरमुंदा में पदस्थ है।

ग्राम पिनकापार के आश्रित ग्राम खैरवार में एक मकान में निवासरत श्रीमति परमजीत कौर पति सरवन सिंग के द्वारा दिनांक 02/04/2024 से आज दिनांक तक अवैध रूप से अपने मकान में बिजली कनेक्शन के लिए केबल तार को हुंकिग कर बिजली की चोरी की जा रही है। जिसे पूर्व में भी दो-तीन बार लाईन मेन लालाराम जंघेल एवं राकेश यादव के द्वारा वरिष्ठ अधिकारी को अवगत कराकर समझाईस दिया जा चुका है। जो आदतन बिजली चोरी करने की नीयत से बार-बार बिजली चोरी करने से पंचनामा कार्यवाही कर हुंकिग केबल वायर करीबन 40 फीट को लाया गया है। बिजली चोरी घटना के संबंध में गांव के मनराखन कन्नौजे, परमानंद मण्डावी देखे है जानते है। विभाग आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही चाहता है।

# शराब के नशे धुत पिता ने पुत्र पर चाकू से किया वार, पत्नी व बहू से की गाली गलौज

डोंगरगढ़(दावा)। धर्मनगरी में प्रतिबंधित शराब के गली मोहल्ले में आसानी से उपलब्ध हो जाने के कारण शराब के आदी हो चुके व्यक्तियों के कारण आए दिन परिवार में कलह देखने सुनने को मिल रही है। ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है जिसमें शराब के नशे में धुत पिता द्वारा पुत्र पर चाकू से हमला कर दिया गया। बचाव में उतरी बहू व पत्नी के साथ शराबी पिता द्वारा गाली गलौज की गई।

पीड़ित 32 वर्षीय हर्षराज सिंह राजपूत पिता भोजराज सिंह राजपूत द्वारा पुलिस को दी गई जानकारी में बताया गया कि वह भगत सिंह चौक वार्ड नंबर 19 डोंगरगढ का निवासी है। मेरे पिताजी भोजराज सिंह राजपूत पिता संघा सिंह राजपूत के द्वारा आज दिनांक 22 अगस्त के 02:00 बजे शराब के नशे में घर आकर मेरी पत्नि एवं मां को मां बहन की गंदी-गंदी गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दे रहा था। जिससे मेरे मना करने पर मुझे भी मां बहन की गंदी-गंदी गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुये किचन में रखे चाकू एवं सत्तू से वार किया जिससे मेरे बांये हाथ के कोहनी पर चोंट आयी है तथा मेरी पत्नी नेहा सिंह राजपूत के बीच बचाव करने से उसके बांये हाथ में चोंट आयी है के संबंध में लिखित आवेदन पेश कर रहा हूं। आवेदन पत्र के अवलोकन पर अपराध धारा -296, 115(2), 351(2) बीएनएस अपराध का घटित होना पाये जाने से भोजराज सिंह राजपूत पिता संघा सिंह राजपूत उम्र 55 साल निवासी भगत सिंह चौक वार्ड नंबर 19 डोंगरगढ थाना डोंगरगढ जिला राजनांदगांव छ.ग. के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



## 15 अगस्त मनाया गया

साल्हेवारा (दावा)।शासकीय प्राथमिक विद्यालय हाथीझोला कला में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



साल्हेवारा (दावा)। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कुम्हरवाड़ा एवं शास. प्राथमिक शाला कुम्हरवाड़ा में स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़े धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम तिरंगा रैली निकाली गई, जिसमें सभी छात्र-छात्राएँ एवं शिक्षकगण तथा ग्राम के गणमान्य नागरिकगण सम्मिलित हुए। तिरंगा यात्रा पश्चात मुख्य समारोह स्थल शासकीय हाईस्कूल प्रांगण में सरपंच टेकलाल सेन के द्वारा ध्वाजारोहण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के एसएमडीसी के अध्यक्ष दीनूदास मानिकपुरी, सदस्यगण मेलूराम कंवर, चिन्ताराम मंडावी, जितेलाल पटेल, तुलसीदास मानिकपुरी, श्रीमती सुशीन्द्रा बाई पंच एवं ग्रामीणजन तथा संस्था के सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे। ध्वजारोहण पश्चात् विद्यालय के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन में अधिक संख्या में ग्रामीणजन सम्मिलित हुए एवं बच्चों का उत्साहवर्धन किये। अंत में सभी को मिष्ठान वितरण किया गया।

# ओमकार बने कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता गौसेवक संघ का ब्लॉक अध्यक्ष

डोंगरगांव (दावा)। पशुधन विकास विभाग में कार्य आधारित मानदेय में कार्य करने वाले प्राइवेट कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता, मैत्री और पशुसेवक का शुक्रवार को ब्लॉक स्तरीय गठन पशु चिकित्सालय परिसर में हुआ, जिसमें सर्वसम्मति से डोंगरगांव ब्लॉक का अध्यक्ष ओमकार साहू, उपाध्यक्ष टिकेश्वर साहू, सचिव सेवकदास साहू और संरक्षक के रूप में होमप्रकाश साहू को चुने गए. अध्यक्ष साहू ने बताया कि हम पशुधन विकास विभाग का प्रमुख कार्यो में पशुओं में नस्ल सुधार, टीकाकरण, बधियाकरण होता है, जिसमें हमारा विशेष योगदान रहता है. इनके अलावा विभागीय अन्य गतिविधियों में कार्य करते है और हम लोग लंबे समय से कार्य कर रहे हैं, पर समय में मानदेय नहीं मिल पाता. शासन प्रशासन से मांग करते है कि कार्य आधारित मानदेय को बंद करके एक निश्चित मासिक मानदेय दिया जाये, जिससे परिवार का भरण पोषण हो सके और हम भी अपनी सेवाओं को सही तरीके से दे सकें. बैठक में धर्मेश साहू, गैंदलाल साहू, खोरबहराराम यदु, गजेंद्र साहू, भुनेश्वर साहू, ललित मेश्राम, पीलूराम साहू ने हिस्सा लिया और सभी पदाधिकारी को बधाई दिया.

# सांगिनकछार में मना भोजली महोत्सव

डोंगरगांव (दावा)। अंचल के ग्राम सांगिनकछार में 19 अगस्त को युवा लोधी समाज के तत्वावधान में भोजली महोत्सव मनाया गया. इस अवसर पर माताएं, बहनें अपने घरों से भोजली लेकर निकली और वीरांगना अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा के पास एकत्र हुई. यहाँ पूजा अर्चना कर गांव के गलियों से होकर तालाब में भोजली विसर्जित किया. तत्पश्चात गांव की नवविवाहित बेटियों द्वारा उजेना का कार्यक्रम संपन्न हुआ, साथ ही पुरस्कृत भी किया गया. यह जानकारी युवा लोधी समाज के पदाधिकारीगण चंद्रकांत वर्मा, तुलेश वर्मा, सागर वर्मा, रोशन वर्मा, संजय वर्मा, मनोहर वर्मा, कौशल वर्मा, गणेश वर्मा, गिरीश वर्मा, पुरषोत्तम वर्मा, सोनू वर्मा, जितेंद्र वर्मा, फगवा वर्मा, निखिल वर्मा, मनोज वर्मा, बेदूराम वर्मा, दीपक वर्मा, तोरण वर्मा, दीपक, राहुल, डिग्गू वर्मा सभी युवा साथियों ने दी.

# पूनाराम यादव और सुरेश साहू राष्ट्रीय कार्यशाला के लिए चयनित





जंगलपुर (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला जंगलपुर के दो व्याख्याताओं पूनाराम यादव एवं सुरेश कुमार साहू का चयन राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत आईआईटी गाँधीनगर (गुजरात) में आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला के लिए किया गया है। आई आई टी गाँधीनगर द्वारा आयोजित ऑनलाइन चयन परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर इन दोनों का चयन किया गया है। समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा उच्च शिक्षण संस्थानों के साथ मिलकर गणित, विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी में शिक्षकों के क्रिएटिव लर्निंग के हेतु छत्तीसगढ़ के 50 शिक्षकों का चयन किया गया है, जो गाँधीनगर में 29 अगस्त से 31 अगस्त तक आयोजित क्रिएटिव लर्निंग वर्कशॉप में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। उल्लेखनीय है कि उक्त दोनों व्याख्याता विगत 15 वर्षों से विज्ञान विषय के जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर और विषय विशेषज्ञ के रूप में विज्ञान के क्षेत्र में सतत रूप से सक्रिय हैं। इनके मार्गदर्शन में अब तक तीन छात्र छात्राएँ इंस्पायर अवार्ड योजना अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर की विज्ञान प्रदर्शनी में अपने मॉडल का प्रदर्शन कर चुके हैं। उक्त दोनों व्याख्याता की इस सफलता पर राजनांदगांव जिला शिक्षा विभाग, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय डोंगरगांव के अधिकारियों, शा. उच्चतर माध्यमिक शाला जंगलपुर के शिक्षकों तथा जंगलपुर ग्रामवासियों ने बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

# श्री बम्लेश्वरी मंदिर में जन्माष्टमी पर्व पर धार्मिक आयोजन



डोंगरगढ़ (दावा)। श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति डोंगरगढ़ द्वारा 26 अगस्त दिन सोमवार को कृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया जावेगा। प्रातः 9 बजे भगवान श्री कृष्ण जी की पूजा अर्चना एवं आरती पश्चात विभिन्न भजन मंडलियों द्वारा भजन पूरे दिन भर किया जावेगा। रात्रि 8 बजे से रात्रि 12 बजे तक स्थानीय कलाकार निखिल जैन म्यूजिकल ग्रुप द्वारा भजने संध्या का कार्यक्रम रखा गया है, रात्रि 12 बजे भगवान श्री कृष्ण के जन्म महोत्सव आरती, प्रसाद वितरण एवं बच्चों के द्वारा दही लूट का कार्यक्रम होगा। उक्त अवसर पर बच्चों के द्वारा मनमोहक झांकियां भी प्रस्तुत की जावेगी। श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति ने जन्माष्टमी पर्व में अधिक से अधिक लोगों को धार्मिक कार्यक्रम एवं भजन संध्या का लाभ उठाते हुये कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। उक्ताशय की जानकारी ट्रस्ट के मंत्री महेन्द्र परिहार ने दी।

# अनुसूचित क्षेत्र में पदस्थ सभी कर्मचारियों को प्रतिवर्ष 10 दिन विशेष अर्जित अवकाश मिलता है - फेडरेशन



## अवकाश पोर्टल में विशेष अर्जित अवकाश लेखा का उल्लेख होना था - राजेश चटर्जी

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी,प्रांतीय प्रमुख महामंत्री सतीश ब्यौहरे, जिला संरक्षक मुकुल साव, जिला अध्यक्ष पी आर झाड़े, पी एल साहू, जितेंद्र बघेल, बृजभान सिन्हा, वीरेंद्र रंगारी, शिरीष कुमार पांडे, हेमंत कुमार पांडे, पुष्पेंद्र साहू, उत्तम डड़सेना, द्रोण साहू, श्रीमती सीमा तरार, श्रीमती यामिनी साहू, रमेश साहू, संजीव मिश्रा, श्रीमती संगीता ब्यौहरे, श्रीमती अभिषिक्ता फंदियाल, स्वाति वर्मा, सुधांसु सिंह,सोहन निषाद, अब्दुल कलीम खान सी एल चंद्रवंशी, राजेंद्र देवांगन एवम् सी आर वर्मा ने जानकारी दिया है कि नियमों की जानकारी के अभाव में अर्जित अवकाश स्वीकृति के मामलों में कर्मचारियों को नुकसान हो रहा है। उन्होंने बताया कि अर्जित अवकाश ही एक मात्र अवकाश है,जिसका पूर्ण सेवा काल में अधिकतम 240 दिनों का अवकाश नगदीकरण होता है। इसे सेवानिवृत्ति हित लाभ के रूप में देखा जाता है। यह अवकाश विश्रामावकाश विभाग के कर्मचारी (शिक्षक) को 10 दिन प्रतिवर्ष एवं अन्य कर्मचारी- अधिकारियों को 30 दिन प्रतिवर्ष की दर से उनके अवकाश खाता में जमा होता है। यह अवकाश वर्ष में दो बार अर्थात 1 जनवरी और 1 जुलाई को 15-15 दिवस के हिसाब से जमा होता है। इसका अधिकतम सीमा 300 दिन है।

उन्होंने बताया कि अनेक कार्यालयों में अवकाश नियम की सही जानकारी नहीं होने के कारण,सेवानिवृत्ति के करीब पहुंचे कर्मचारियों को अवकाश उपभोग करने पर अवकाश समर्पण के समय नुकसान उठाना पड़ रहा/सकता है 7 प्रत्येक शासकीय सेवक अपनी सेवाकाल के दौरान अर्जित अवकाश का उपभोग करता है। लेकिन सेवानिवृत्ति पर अधिकतम 240 दिनों का बचत कर नगदीकरण का लाभ ले सकता है। यदि शासकीय सेवा के दौरान अर्जित अवकाश का उपभोग नहीं करता है,तो अवकाश खाते में अर्जित अवकाश का संचय सीमा अधिकतम 300 दिन के पार हो जाता है। इस स्थिति में अर्जित अवकाश लेने पर गणना में हुई त्रुटि के कारण उसे नुकसान होता है।

उन्होंने बताया कि किसी कर्मचारी के खाते में अधिकतम अर्जित अवकाश 300 दिनों का अर्जित अवकाश है।वह इसका उपभोग करता है तो बकाया श्व.रु के गणना करते वक्त प्रथम छमाही अथार्त जनवरी से जून तथा जुलाई से दिसंबर की स्थिति में 15 दिवस जोड़कर विकलन करना चाहिए 7 उन्होंने 300 दिन बकाया श्व.रु के स्थिति में उदाहरण दिया कि यदि कर्मचारी 10 दिन का अवकाश लेता है तो बकाया गणना के वक्त 300 में 15 जोड़कर 10 घटाने पर 305 आयेगा लेकिन बकाया 300 दिन रहेगा। उन्होंने बताया कि अनुसूचित क्षेत्रों (ट्राइबल) में पदस्थ सभी विभागों के कर्मचारियों को 11 जनवरी 1984 से प्रतिवर्ष 10 दिनों का विशेष अर्जित अवकाश देय है। इसका एंट्री सेवापुस्तिका में पृथक से करना है। इसका वास्तविक लाभ कर्मचारी को तब ही मिलेगा जब विशेष अर्जित अवकाश का अलग एकाउंट हो ।विशेष अर्जित अवकाश एक वर्ष मे 10 दिन मिलता है।इसका संचय एवं उपभोग अर्जित अवकाश की भांति होता है।लेकिन इसका नगदीकरण नहीं होता है।अवकाश पोर्टल में विशेष अर्जित अवकाश लेखा का उल्लेख होना था। उल्लेख नहीं होने के कारण अनुसूचित क्षेत्र में पदस्थ अनेक कर्मचारियों के अर्जित अवकाश लेखा में 300 दिवस से अधिक अर्जित अवकाश की प्रविष्टि सीजीस्कूल पोर्टल में परिलक्षित हो रहा है।

# पहला कॉलम...

## बोत्सवाना में मिला दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा हीरा

नई दिल्ली। अफ्रीकी देश बोत्सवाना दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा हीरा मिला है। यह हीरा 2,492 कैरेट का है। कनाडाई खनन कंपनी के



अधिकारी इस खोज के बाद काफी खुश है। बोत्सवाना की सरकार का मानना ??है कि 2,492 कैरेट का यह विशाल रत्न देश में खोजा गया सबसे बड़ा प्राकृतिक हीरा और किसी खदान से निकाला गया दूसरा सबसे बड़ा रत्न है। कनाडा की खनन कंपनी लुकारा डायमंड कॉर्प ने बुधवार को एक बयान में कहा कि उसने पश्चिमी बोत्सवाना में अपनी कारोवे खदान से च्असाधारणज् हीरा बरामद किया है। लुकारा ने बताया कि यह च्उच्च गुणवत्ता वालाज् हीरा है और इसे एक्स-रे तकनीक की मदद से खोजा गया। वजन के लिहाज से यह गत 100 से अधिक वर्षों में पाया गया सबसे बड़ा हीरा है, तथा 1905 में दक्षिण अफ्रीका में खोजे गए कलिनन हीरे के बाद यह खदान से निकाला गया दूसरा सबसे बड़ा हीरा है। कलिनन हीरा 3,106 कैरेट का था और इसे कई टुकड़ें कर तराशा गया जिनमें से कुछ ब्रिटिश शाही आभूषणों का हिस्सा हैं। बता दें कि 2017 में 1111 कैरेट का हीरा 444 करोड़ रुपये में बिका था इसलिए अगर उस हिसाब से भी देखा जाए तो यह हीरा उस हीरे के साइज से दोगुने से भी बड़ा है। इसलिए उम्मीद लगाई जा रही है कि ये हीरा 1000 करोड़ रुपये से अधिक का हो सकता है। हालांकि यह केवल अनुमान हैं और हीरे की असली कीमत इससे कहीं अधिक हो सकती है।

## शाकिब अल हसन पर लगा हत्या का आरोप

नई दिल्ली। बांग्लादेश के स्टार खिलाड़ी शाकिब अल हसन की मुश्किलें बढ़ गई हैं। उनका नाम अपने देश में एक हत्या के मामले में नाम सामने आया है। शाकिब पर रुबेल इस्लाम की हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया गया है। उनके खिलाफ पुलिस ने एफआईआर भी दर्ज कर ली है। जानकारी के अनुसार, 5 अगस्त को रुबेल इस्लाम की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में शाकिब अल हसन और बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना का भी नाम सामने आया है। बांग्लादेश न्यूज 24 ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि अदबोर पुलिस स्टेशन में इस मामले में शिकायत दर्ज कराई गई है। इस बात की पुष्टि इंस्पेक्टर मोहम्मद नजरुल इस्लाम ने की है।

## अदाणी ग्रुप की कंपनी की शेयर में आई तेजी

मुंबई। अदाणी ग्रुप की कंपनी अंबुजा सीमेंट के शेयरों में शुक्रवार को तेजी देखने को मिली। शेयर की कीमतों में बढ़त ऐसे समय पर हुई है जब प्रमोटर्स द्वारा फ्लोर प्राइस पर 4,197.8 करोड़ रुपये के शेयर बेचे गए हैं। अरबपति कारोबारी गौतम अदाणी और उनके परिवार के स्वामित्व वाली होल्डरइंड इन्वेस्टमेंट की ओर से अंबुजा सीमेंट में करीब 2.84 प्रतिशत की हिस्सेदारी बेची गई है। इस डील की वैल्यू फ्लोर प्राइस पर 4,197.8 करोड़ रुपये है। इस लेनदेन का उद्देश्य शेयरधारकों के बेस को बढ़ाना और लंबी अवधि के निवेशकों को आकर्षित करना है जो विशेषकर इन्फ्रास्ट्रक्चर एसेट्स में निवेश करना चाहते हैं। होल्डरइंड की ओर से 6.99 करोड़ शेयर तय किए गए फ्लोर प्राइस 600 रुपये प्रति शेयर पर बेचे गए हैं, जो कि एनएसई पर बंद हुए आखिरी प्राइस से करीब 5 प्रतिशत डिस्काउंट पर है। शेयर 60 दिन की लॉक-अप अवधि के अधीन होंगे, जिसमें किसी अन्य प्रमोटर या प्रमोटर समूह के सदस्यों को ट्रांसफर शामिल नहीं होगा। अंबुजा सीमेंट के शेयर ने पिछले 12 महीने में 43 प्रतिशत का रिटर्न दिया है और इस साल की शुरुआत से अब तक करीब 22 प्रतिशत का रिटर्न दे चुका है।

## एयर इंडिया पर लगा 99 लाख का जुर्माना



नई दिल्ली। एविएशन रेगुलेटर नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने टाटा ग्रुप की एयरलाइन एयर इंडिया पर 90 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। एयर इंडिया ने नॉन-क्वालिफाइड क्रू मेंबर्स के साथ उड़ान भरी थी। रेगुलेटर ने लैप्स के लिए एयर इंडिया के डायरेक्टर ऑफ ऑपरेशंस और डायरेक्टर ऑफ ट्रेनिंग पर भी क्रमशः 6 लाख और 3 लाख रुपये का फाइन लगाया है। छ्त्रष्ट्र ने संबंधित पायलट को चेतावनी भी दी गई है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। (DGCA) ने एक बयान जारी करके कहा,%एयर इंडिया लिमिटेड की एक फ्लाइट को नॉन-ट्रेनर लाइन कैप्टन ने ऑपरेट किया। यह गंभीर शेड्यूलिंग घटना है, जिसका सुरक्षा पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है। हमने जांच में पाया कि कई पदधारकों और कर्मचारियों ने नियामक प्रावधानों का उल्लंघन किया। इससे यात्रियों की सुरक्षा प्रभावित हो सकती थी। DGCA ने यह भी कहा कि उड़ान के कमांडर और एयरलाइन के अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करके 22 जुलाई को अपना पक्ष रखने का अवसर दिया गया था।

# अंडर 17 वर्ल्ड चैंपियनशिप में बलाली ने रचा इतिहास फाइनल में जापानी पहलवान को किया चित्त

**नई दिल्ली। अंडर 17 वर्ल्ड चैंपियनशिप में विनेश फोगाट के गांव की नेहा सांगवान ने इतिहास रच दिया है। उन्होंने फाइनल में जापान की सो सुसुाई को एकतरफा मुकाबले में हरा दिया। नेहा ने भी अपनी शुरूआती ट्रेनिंग महावीर फोगाट की अकेडमी में की है।**



विनेश फोगाट जब पेरिस ओलंपिक से अपने गांव बलाली वापस आईं थी तो उन्होंने अपनी एक इच्छा जाहिर की थी। इस दौरान उन्होंने कहा कि वो चाहती हैं कि उनके गांव से और इंटरनेशनल विमेंस रेसलर्स आगे आए और देश का नाम रोशन करे। उनकी इस इच्छा को बलाली की नेहा सांगवान ने पूरा कर दिया है। उन्होंने अंडर 17 वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल अपने नाम किया है। 57 किलोग्राम वेट कैटेगरी के फाइनल में उन्होंने एकतरफा मुकाबले में जापान की सो सुसुाई को 10-0 से हराया। अपनी इस जीत को उन्होंने विनेश फोगाट को समर्पित किया है और बताया कि ये पदक उनके लिए कितना ज्यादा मायने रखता है।

### 'विनेश दीदी' को समर्पित की जीत

इंडियन एक्सप्रेस से बात करते हुए उन्होंने कहा, च्ये मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। ये जीत विनेश दीदी और अन्य महिला रेसलर्स के लिए है। विनेश दीदी हम सभी के लिए प्रेरणा हैं। मुझे उम्मीद है कि इस जीत के बाद बलाली गांव से और लड़कियां भी प्रेरित होंगी।

विनेश को लेकर बात करते हुए उन्होंने कहा, च्विनेश दीदी ने अपने करियर में जितनी सफलता हासिल की है, उतनी सफलता हमारे यहां किसी को नहीं मिली है। हमारे लिए वो गोल्ड मेडल उन्हीं का था। यही बात मैंने उनसे भी कही थी। अगर मैं उनके जैसा थोड़ा बहुत भी कर पाई तो ये मेरे लिए बहुत बड़ी बात होगी।

### विनेश से मिली थी नेहा

नेहा के पिता अमित कुमार ने बताया, विनेश जब अपने गांव वापस आई थी तो उनकी बेटी ने उनसे मुलाकात की थी। वो पूरी दोपहर विनेश से मिलने का इंतजार कर रही थी। जब वो स्टेज पर मिलने पहुंची तो विनेश ने उससे कहा था कि उनका सपना अब नेहा जैसी लड़कियों को ही पूरा करना है। विनेश भी इस जीत से काफी ज्यादा खुश हैं। ये जीत हमारे गांव के लिए खास है।

# पोखरा से काठमांडू जा रही बस गिरी नदी में, 14 लोगों की मौत



काठमांडू। नेपाल में पोखरा से 70 किमी दूर तनुहान जिले में गोरखपुर की बस (यूपीएफटी 7623) मार्स्यांगडी नदी में गिरी। बस प्रयागराज से महाराष्ट्र के 42 पर्यटकों को लेकर चित्रकूट होते नेपाल गई थी। चारु नाम के व्यक्ति ने गोरखपुर में तरंग चौक के पास स्थित केसरवानी ट्रेवल के ऑफिस जाकर बस बुक कराई थी।

जिला पुलिस कार्यालय तनाहुन के डीएसपी दीपकुमार राया ने पुष्टि की, ÷यूपी एफटी 7623 नंबर प्लेट वाली बस नदी में गिर गई और नदी के किनारे पड़ी हुई है। सशस्त्र पुलिस बल नेपाल आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण स्कूल के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) माधव पौडेल के नेतृत्व में 45 सशस्त्र पुलिस बल कर्मियों की एक टीम दुर्घटनास्थल पर बचाव अभियान चला रही है।उत्तर प्रदेश राहत आयुक्त ने कहा, ÷ नेपाल की घटना के संबंध में हम यह पता लगाने के लिए संपर्क स्थापित कर रहे हैं कि क्या बस में उत्तर प्रदेश का कोई व्यक्ति था या नहीं।इससे पहले इस साल जुलाई में दो बस उफनती त्रिशूली नदी में बह गए थे। दोनों बस में कुल 65 लोग सवार थे।

# भारत कभी दूसरों की पीठ में छुरा नहीं मार सकता - रक्षामंत्री राजनाथ सिंह

नई दिल्ली। भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस समय अमेरिका की 4 दिवसीय यात्रा पर हैं. वह वॉशिंगटन में अमेरिका के रक्षा मंत्री लायड आस्टिन के साथ मीटिंग करेंगे, लेकिन इससे पहले उन्होंने वॉशिंगटन में प्रवासी भारतीयों से मुलाकात की. इस दौरान राजनाथ ने वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश दिया है. उन्होंने कहा कि मैं यहां भारतीय सदस्यों से कहना चाहूंगा कि वे पूरी ईमानदारी से काम करें. रक्षा मंत्री ने कहा कि छल कपट हमारे चरित्र में नहीं है. हम धोखा खा सकते हैं, लेकिन दूसरों को धोखा नहीं दे सकते. ये संदेश दुनिया को जाना चाहिए.



उन्होंने कहा कि छल कपट किसी भी भारतीय के चरित्र में नहीं है. हम धोखा खा सकते हैं, लेकिन दूसरों को धोखा नहीं दे सकते. यही संदेश दुनिया तक जाना चाहिए. रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत ने विश्व को वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश दिया है. भारत विश्व में सभी जातियों और धर्मों के लोगों को एक परिवार मानता है. रक्षा मंत्री ने इस दौरान भारत और अमेरिका रिश्तों को लेकर भी बयान दिया. उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के रिश्ते किसी नियति से कम नहीं है. उन्होंने कहा, क्रिस्टोफर कोलंबस भारत की खोज पर निकला था, लेकिन वो अमेरिका आ पहुंचा. दोनों देशों के बीच संबंध काफी पुराने हैं. राजनाथ सिंह ने वॉशिंगटन में प्रवासी भारतीयों से कहा, भारत कभी दूसरों की पीठ में छुरा नहीं मार सकता, क्योंकि भारत ने हमेशा पूरी दुनिया को वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश दिया है. मैं यहां काम करने वाले भारतीयों से कहना चाहूंगा कि वे पूरी ईमानदारी से काम करें.

# क्या केएल राहुल ने ले लिया है क्रिकेट से संन्यास, वायरल पोस्ट ने मचाई सनसनी



नई दिल्ली। भारतीय टीम अभी कोई भी इंटरनेशनल मैच नहीं खेल रही है। अब टीम को सीधे 19 सितंबर को टेस्ट मैच बांग्लादेश के खिलाफ खेलना है। इसी वजह से ज्यादातर भारतीय प्लेयर्स दलीप ट्रॉफी में खेलेंगे। भारतीय टीम के स्टार क्रिकेटर केएल राहुल हाल ही में श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय वनडे टीम में शामिल थे। वहीं टी20 टीम में उन्हें जगह नहीं मिली थी। अब सोशल मीडिया पर एक केएल राहुल का एक पोस्ट खूब वायरल हो रहा है, जिससे उनके संन्यास की अकटलें लग रही हैं।

कई लोगों ने केएल राहुल के बयान के साथ एक ऐसी पोस्ट शेयर की, जिसमें लिखा है कि बहुत सोचने और विचार करने के बाद, मैंने पेशेवर क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने का फैसला किया है। यह फैसला आसान नहीं है, क्योंकि खेल कई सालों से मेरे जीवन का एक अहम हिस्सा रहा है। मैं अपने देश का प्रतिनिधित्व करने और इतने सारे प्रतिभाशाली व्यक्तियों के साथ खेलने पर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। हालांकि मैं आगे आने वाले नए अध्याय को लेकर उत्साहित हूं। मैं खेल में बिताए गए समय को हमेशा याद रखूंगा। इस अविश्वसनीय यात्रा का हिस्सा बनने के लिए आप सभी को धन्यवाद। ऐसा दावा किया गया कि ये पोस्ट केएल राहुल ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में शेयर की है।

### संन्यास लेने का दावा है पूरी तरह फर्जी

केएल राहुल ने 19 घंटे पहले इंस्टाग्राम पर स्टोरी लगाई थी, जिसमें उन्होंने लिखा है कि मुझे एक ऐलान करना है। अपडेट के लिए बने रहें। बस इसके बाद से तो जैसे सोशल मीडिया पर अटकलों का दौर शुरू हो गया। सभी इसे स्टार क्रिकेटर केएल राहुल के संन्यास से जोड़कर देखने लगे। जबकि राहुल ने इसके बाद इंस्टाग्राम पर दूसरी स्टोरी मेंहदी फंक्शन की लगाई है। जिससे साबित होता है कि उनके संन्यास लेने की बात पूरी तरह से फर्जी है।

# आरबीआई ने यूजर्स को बताए हैकर्स से बचने के उपाय



नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक ने हाल ही में यूजर्स को एक नए फ्रॉड के बारे में चेतावनी दी है जिसमें साइबर अपराधी कुरियर के नाम पर लोगों को ठग रहे हैं। आरबीआई ने एसएमएस के जरिए लोगों को सतर्क करते हुए कहा है कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और अपनी निजी व वित्तीय जानकारी किसी से साझा न करें।

आरबीआई के अनुसार, अपराधी फर्जी कॉल, मेल या एसएमएस के माध्यम से गैरकानूनी वस्तुओं के बारे में जानकारी मांगते हैं और लोगों को भ्रमित करते हैं। ऐसे मामलों में घबराने की आवश्यकता नहीं है और किसी भी संदेहास्पद लिंक पर क्लिक करने से बचना चाहिए।

इंडिया पोस्ट और दूरसंचार विभाग ने भी इस फ्रॉड के प्रति लोगों को जागरूक किया है। इंडिया पोस्ट ने अपने एक्स हैंडल (पूर्व में ट्विटर) पर एक फर्जी मैसेज का स्क्रीनशॉट साझा किया है, जिसमें एक धोखाधड़ी लिंक शामिल है। इंडिया पोस्ट ने ऐसे किसी भी अनजान मैसेज या लिंक पर क्लिक न करने की सलाह दी है और इन मामलों को भारत सरकार के संचार साथी पोर्टल पर रिपोर्ट करने की अपील की है।

### हैकर्स से बचने के उपाय

किसी भी अज्ञात नंबर से भेजे गए एसएमएस लिंक को खोलने से बचें। इंडिया पोस्ट कभी भी कुरियर डिलीवरी के लिए पैसे नहीं मांगता है। अपनी निजी जानकारी किसी के साथ शेयर न करें। अगर कोई फर्जी एसएमएस या कॉल प्राप्त होती है, तो उसे तुरंत संचार साथी पोर्टल पर रिपोर्ट करें। स्कैम से बचने के लिए सतर्क रहना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# भारतीय ग्रैंडमास्टर गुकेश फिरौजा के खिलाफ नहीं दर्ज कर सके जीत, अंक बांटने पर हुए मजबूर

नई दिल्ली। विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी



गुकेश सिंकफील्ड कप के चौथे दौर में फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा के खिलाफ अच्छी स्थिति पर पहुंचने के बावजूद जीत दर्ज नहीं कर सके और उन्हें अंक बांटकर संतोष करना पड़ा। चीन के डिंग लिरेन के खिलाफ नवंबर में विश्व चैंपियनशिप मैच खेलने के लिए तैयार गुकेश ने फिरौजा को कड़ी चुनौती दी। ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद ने भी नीदरलैंड के अनीश गिरी के खिलाफ बाजी ड्रॉ कराई। अमेरिका के वेस्ले सो ने एकमात्र निर्णायक बाजी जीती। उन्होंने रूस के इयान नेपोमनियाच्ची को हराकर पूरे अंक जुटाए। इस तरह वेस्ले सो के फिरौजा की तरह 2.5 अंक हो गए हैं और दोनों चार दौर के बाद संयुक्त बढ़त बनाए हैं। उनके बाद अमेरिका के फैबियानो कारूआना, फ्रांस के मैक्सिम वाचियर लाग्रेव, नेपोमनियाच्ची, प्रज्ञानानंद और गुकेश शामिल हैं। उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तारोव और गिरी 1.5 लेकर संयुक्त नौवें स्थान पर हैं।

# दिनेश कार्तिक ने एमएस धोनी को लेकर सेरआम मांगी माफी, कहा...

नई दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने सेरआम माफी मांगी है। ये माफी उन्होंने टीम इंडिया के पूर्व कप्तान एमएस धोनी को लेकर मांगी है। दरअसल, कुछ दिन पहले कार्तिक ने भारत की ऑल टाइम इलेवन टीम चुनी थी जिसमें धोनी का नाम नहीं था। कार्तिक ने कहा है कि वह धोनी का नाम भूल गए थे और अब उन्होंने इसे बहुत बड़ी गलती बताया है।



कार्तिक ने कहा कि ये बहुत खराब बात है कि उन्होंने अपनी टीम में कोई विकेटकीपर नहीं चुना था, वो भी तब जब वह खुद एक विकेटकीपर हैं। कार्तिक ने अपनी गलती सुधारी है और कहा है कि धोनी वो खिलाड़ी हैं जो सभी फॉर्मेट में टीम का हिस्सा रहेंगे। कार्तिक ने क्रिकबज पर बात करते हुए कहा, भाई लोग, बड़ी गलती हो गई। सच में ये गलती थी। मुझे तब पता चला जब एपिसोड सामने आया। जब मैंने 11 खिलाड़ी चुने थे तो काफी कुछ दिमाग में चल रहा था और ऐसे में मैं विकेटकीपर को भूल गया। राहुल द्रविड़ का नाम टीम में था तो सभी ने सोचा कि मैं पार्ट टाइम विकेटकीपर चुन रहा हूं। लेकिन सच में राहुल द्रविड़ को मैंने विकेटकीपर के तौर पर नहीं चुना था। क्या आप विश्वास कर सकते हैं कि मैं एक विकेटकीपर होकर, विकेटकीपर को नहीं चुनूंगा? ये बहुत बड़ी गलती है। कार्तिक ने कहा कि वह धोनी को नंबर-7 पर चुनते हैं। उन्होंने धोनी को महान खिलाड़ी बताया है।

उन्होंने कहा, ÷मैं साफ कर दूं, थाला धोनी किसी भी फॉर्मेट में टीम में होना पक्का है, सिर्फ भारत में ही नहीं। मुझे लगता है कि वह इस खेल के महान खिलाड़ियों में शुमार हैं। अगर में दोबारा टीम चुन सकता हूं तो थाला धोनी नंबर-7 पर होंगे और वह टीम के कप्तान होंगे।

# प्रथम पेज का शेष

***यूक्रेन संकट के शांतिपूर्ण समाधान...***

कि यह युद्ध का नहीं शांति का समय है। श्री मोदी ने कहा कि भारत शुरू से युद्ध से दूर रहा है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि भारत तटस्थ रहा है, भारत का पक्ष शांति का पक्ष है, भारत शांति के साथ खड़ा है। उन्होंने यूक्रेनी राष्ट्रपति से कहा एक मित्र के नाते भारत और स्वयं वह शांति के प्रयास में हर संभव भूमिका निभाने के लिए सदैव तैयार हैं।

प्रधानमंत्री ने अपनी कीव यात्रा को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि पहली बार भारत का कोई प्रधानमंत्री यूक्रेन की धरती पर आया है। उन्होंने यूक्रेन में अपने स्वागत के लिए राष्ट्रपति जलेंस्की का आभार व्यक्त किया। श्री मोदी ने यूक्रेन रूस युद्ध शुरू होने के प्रारंभिक दिनों में यूक्रेन में फंसे भारतीय छात्र-छात्राओं को निकालने में श्री जेलेंस्की की ओर दिखाए गए सहयोग के भाव के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

***सीबीआई को मिली सीएम केजरीवाल ...***

इसके बाद पीठ ने मामले की अगली सुनवाई के लिए पांच सितंबर की तारीख तय की। शीर्ष अदालत ने मामले में केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने से 14 अगस्त को इनकार कर दिया था और उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर जांच एजेंसी से जवाब मांगा था। केजरीवाल को 26 जून को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था।

***छत्तीसगढ़ में उत्कृष्ट खिलाड़ियों...***

इससे पहले कई बार खिलाड़ियों ने मुख्यमंत्री साय और खेल मंत्री टंक राम वर्मा को शासकीय नौकरी देने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है। मिली जानकारी के अनुसार कमेटी की बैठक में लगभग 199 खिलाड़ियों की सूची जारी हो सकती है। सरकार के ओर से अनुमोदन होने के बाद राज्य शासन के अधीनस्थ किसी विभाग में उत्कृष्ट खिलाड़ियों को नौकरी दी जाएगी. इस मामले में मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा, उत्कृष्ट खिलाड़ियों की घोषणा जल्द होगी. इन खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी देने कमेटी गठित हुई है।

***छत्तीसगढ़ में सरकारी डॉक्टरों के निजी....***

अपने सरकारी अस्पताल की ड्यूटी खत्म होने के बाद किसी निजी प्रैक्टिस में शामिल हो सकते हैं। डॉक्टरों को अब नर्सिंग होम या निजी क्लीनिक में जाकर प्रैक्टिस करने की अनुमति नहीं होगी। यह कदम सरकारी अस्पतालों में कार्य की प्राथमिकता और सेवाओं की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है।

***केंद्र सरकार ने 156 दवाओं को किया...***

इसलिए, जनहित में, इन दवाओं के निर्माण, बिक्री, या वितरण पर ड्रग्स और कॉस्मेटिक्स एक्ट 1940 की धारा 26 ए के तहत प्रतिबंध लगाना आवश्यक है।

बच्चों के लिए इस्तेमाल होने वाले दवाएं भी बैन- सरकार ने जिन दवाओं पर बैन लगाए हैं, उनमें बच्चो के उपचार वाली दवाएं, एंटीपैरासिटिक, स्किनकेयर, और एंटी-एलर्जिक जैसी दवाएं भी शामिल हैं। भारतीय फार्मास्युटिकल एलायंस ने केंद्र सरकार के इस फैसले का समर्थन किया है। क्या होते हैं संयोजन दवाएं?- एक से अधिक कंपोजिशन वाली दवाओं के फिक्स डोज पर बैन लगाया गया है। बता दें सर्दी, बुखार, जुकाम और छोटी-मोटी स्वास्थ्य समस्याओं में अक्सर एक-दो गोलियों की डोज दी जाती है। इसमें अलग-अलग तरह के ड्रग कंपोजिशन वाली दवाएं की फिक्स डोज शामिल होती हैं। इन्हें आमतौर पर कॉकटेल मेडिसिन भी कहा जाता है।

***उद्योगपति अनिल अंबानी पर शेयर...***

इन ऋणों के भुगतान में विफलता के कारण आरएचएफ एल अपने कर्ज की जिम्मेदारियों का पालन नहीं कर सका, जिससे सार्वजनिक शेयरधारकों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा। आरएचएफएल में निवेश करने वाले 9 लाख से ज्यादा शेयरधारक अब भी बड़े नुकसान का सामना कर रहे हैं। बता दें कि अनिल अंबानी भारत और एशिया से सबसे अमीर उद्योगपति मुकेश अंबानी के छोटे भाई हैं। उनके पिता धीरू भाई अंबानी देश के प्रतिष्ठित कारोबारी थे, जिन्होंने रिलायंस समूह की नींव रखी।

***20 किलो सोना, 13 क्विंटल चांदी ...***

रामजन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट की बैठक में प्रस्तुत किया गया। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि गत वित्तीय वर्ष यानी एक अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक रामलला को दान में 363 करोड़ 34 लाख रुपये प्राप्त हुए। रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को यह राशि विभिन्न माध्यमों से प्राप्त हुई। 204 करोड़ रुपये का ब्याज मिला- तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के निधि समर्पण पटल पर चेक और नगद राशि के रूप में 53 करोड़, रामलला के सम्मुख रखे दानपात्रों से 24 करोड़ 50 लाख तथा तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के विभिन्न खातों में ऑनलाइन अंतरण के माध्यम से 71 करोड़ रुपये प्राप्त हुए।

# महिला पहलवान काजल ने जीता स्वर्ण पदक, भारत के खाते में आया पांचवां सोने का तमगा



अम्मान। भारत ने अंडर17 विश्व चैंपियनशिप के महिला वर्ग में अपना दबदबा जारी रखा और काजल देश की पांचवीं पहलवान बनीं जिन्होंने अम्मान में चल रहे इस टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीता। काजल ने शुक्रवार को 69 किग्रा भार वर्ग में यूक्रेन की ओलेकसांद्रा रिबाक को 9-2 के फैसले से हराया।

हालांकि, एक अन्य भारतीय श्रुतिका 46 किग्रा वर्ग के फाइनल में जापान की यू कात्सुमे की चुनौती से पार नहीं पा सकीं और महज 40 सेकेंड में उन्हें हार का सामना करना पड़ा जिससे उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारत की एक अन्य पहलवान राज बाला ने जापान की मोनाका उमेकावा को 11-5 से हराकर 40 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक जीता, जबकि मुस्कान ने 53 किग्रा के कांस्य प्लेऑफ मैच में अमेरिका की इसाबेला गोंजालेस को तकनीकी श्रेष्ठता से मात देकर भारत के खाते में एक और पदक पक्का डाला। हालांकि, राजनिता को 61 किग्रा के कांस्य पदक प्लेऑफ में अजरबैजान के हिउनाई हुरबानोवा के हाथों हार का सामना करना पड़ा। वह एकमात्र भारतीय महिला रहीं जो पदक लाने से चूक गईं।

### भारतीय महिला पहलवानों ने जीते आठ पदक

भारतीय महिला पहलवानों ने आठ पदकों के साथ अपने अभियान का समापन किया जिसमें पांच स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य पदक शामिल हैं। भारत के लिए इससे पहले अदिति कुमारी (43 किग्रा), नेहा (57 किग्रा), पुलकित (65 किग्रा) और मानसी लाथेर (73 किग्रा) ने शनिवार को अपने-अपने वर्ग में स्वर्ण पदक जीते थे।

### पुरुष पहलवानों का निराशाजनक प्रदर्शन

भारतीय महिला पहलवानों ने जहां शानदार प्रदर्शन किया, वहीं पुरुष फ्रीस्टाइल पहलवान प्रभावित नहीं कर सके। शुक्रवार को भारत के पांच पुरुष पहलवान मैट पर उतरे, लेकिन कोई भी सेमीफाइनल में जगह नहीं बना सके। प्रदर्शन इतना खराब रहा कि सिर्फ हर्ष और वेविक ही एक दौर में जीत हासिल कर सके। हर्ष ने 48 किग्रा भार वर्ग में एरबोल बोलोतोव पर 6-2 से जीत दर्ज की, लेकिन क्वार्टर फाइनल में चिंगिस सैरिग्लार से हार गए।

# अब वरिष्ठ आरक्षक करेंगे भारतीय न्याय संहिता 2023 के अंतर्गत तीन वर्ष तक सजा वाले मामले की विवेचना




खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग के वरिष्ठ आरक्षकों को छत्तीसगढ़ शासन गृह मंत्रालय द्वारा भारतीय न्याय संहिता 2023 के अंतर्गत तीन वर्ष तक सजा वाले आपराधिक मामलों की विवेचना का अधिकार के संबंध में जारी अधिसूचना के परिपालन में पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल के निर्देशन में शुक्रवार 23 अगस्त को जिला केसीजी के 65 वरिष्ठ आरक्षकों को पुलिस अधीक्षक कार्यालय केसीजी के मीटिंग हॉल में अपराध विवेचना के सम्बंध में प्रशिक्षण दी गई। जिन आरक्षक ने पुलिस विभाग में 10 वर्ष की सेवा निर्विवाद रूप से पूरी कर ली है, उन्हें वरिष्ठ आरक्षक की श्रेणी में रखा गया है। जिले में ऐसे 113 आरक्षक पदस्थ हैं, उनके लिए वरिष्ठ आरक्षक अपराध विवेचना प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित की गई है। प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें वरिष्ठ आरक्षकों को तीन वर्ष तक के सजा के प्रावधान वाले प्रकरणों की अपराध विवेचना का प्रशिक्षण दी जाएगी।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ 23 अगस्त को पुलिस अधीक्षक कार्यालय केसीजी मीटिंग हॉल में पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल द्वारा किया गया। पुलिस अधीक्षक ने अपने उद्बोधन में विभाग के इस प्रयास से विवेचना कार्य में तेजी आने और वरिष्ठ आरक्षकों को उनके व्यवसायिक दक्षता के लिए प्रोत्साहन मिलने तथा आम जनता को न्याय मिलने में अकारण विलम्ब नही होगा बताये।

इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा पाण्डेय ने यह बताया कि किस प्रकार से अनुशासन में रहते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करना है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्मिलित वरिष्ठ आरक्षकों को उप पुलिस अधीक्षक प्रतिभा लहरे एवं जितेन्द्र ने बंजारे निरीक्षक थाना खैरागढ़ ने महिला संबंधी अपराध एवं मिथ्या साक्ष्य, लोक न्याय की जानकारी देते हुए, अपराध विवेचना के आदर्श प्रारूप एफ आई आर, धटना स्थल निरीक्षण व मौका नक्शा, जप्ती प्रक्रिया, गिरफ्तारी की प्रक्रिया/सावधानी तथा अभियोगपत्र/चालान तैयार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की चरणबद्ध प्रक्रिया के सम्बंध में प्रशिक्षण दिया। इसी प्रकार निरीक्षक शिवशंकर गेंदले व उपनिरीक्षक वीरेंद्र चंद्राकर द्वारा लोक सेवकों, लोक प्रशांति आदि से जुड़े अपराधो के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में उपस्थित निरीक्षक भीमसेन यादव के द्वारा कानून संबंधी प्रक्रिया में आने वाले बाधाओ का किस प्रकार कार्यवाही किया जाना है। इस संबंध में जानकारी दिया गया। निरीक्षक आलोक साहू द्वारा संपति विरुद्ध अपराधों के विषय में धाराओं सहित कार्यवाही के संबंध में संपूर्ण जानकारी दी गई। साइबर प्रभारी अनिल शर्मा ने साइबर संबंधी अपराधों की जानकारी देते हुए, यह भी बताया कि वर्तमान समय में अपराधों में जुड़ी घटना स्थलों का वीडियोग्राफी, सीसीटीवी फुटेज व अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरणों का उपयोग किस प्रकार से अपराधो के निराकरण हेतु किया जा सकता है।

टैलेश सिंह साइबर सेल खैरागढ़ ने समर्थ अभियान की महत्ता को बताते हुए आगामी समय में होने वाले साइबर जागरूकता के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रदीप जंघेल ने अपराधों से जुड़े व्यक्ति अथवा संदिग्ध व्यक्तियों का फिंगर प्रिंट किस प्रकार लिया जाना है और किस प्रकार से आरोपियों तक पहुंचा जा सकता है। इसी प्रकार सीसीटीएनएस प्रभारी भारत भूषण ने सीसीटीएनएस के महत्व को बताते हुए ई-एफआईआर व जीरो प्रथम सूचना प्राधिकरण की विस्तृत जानकारी दिया गया। प्रशिक्षण की अंतिम चरणों में समस्त विवेचनाओं का सारगर्भित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा पाण्डेय ने कानूनी धाराओ पर प्रकाश डालते हुए साक्ष्य प्रशिक्षण दिया गया एवं भारतीय न्याय संहिता के इन मामलों का वरिष्ठ आरक्षक कर सकेंगे विवेचना- भारतीय न्याय संहिता की धारा 115,296,351 (सामान्य मारपीट - 294, 506 आईपीसी), धारा 281,125 ए, 125 बी (सडक दुर्घटना के मामले 279, 337, 338 आईपीसी), धारा 77,78,79 (छेड़खानी के मामले 354, 509 आईपीसी) धारा 324ए, 325 (रिष्टि के मामले 425, 426, 427, 428, 429, 440 आईपीसी) इत्यादि मामलों की जाँच/विवेचना और इसके अलावा ऐसे मामले जिसमें तीन साल तक सजा का प्रावधान है, वरिष्ठ आरक्षकों से विवेचना कराया जा सकता है। साथ में यह भी बताया कि समय-समय पर इस प्रकार कार्यशाला का आयोजन कर विवेचकों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

# कॉन्फ्लुएंस कॉलेज में मना हरेली औजारों की पूजा अर्चना की




राजनांदगांव (दावा)। कॉन्फ्लुएंस कॉलेज की बेस्ट प्रैक्टिस सेल एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा छत्तीसगढ़ की पारंपरिक त्योहार जो छत्तीसगढ़ के किसानों का एक विशेष स्थान होता है को बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया कार्यक्रम अधिकारी प्रो विजय मानिकपुरी ने कहा कि किसी भी त्यौहार का असली सार उसे मानने वालों के बीच आनंद और समृद्धि फैलाना है।

आज महाविद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा कृषक समुदाय और कृषि यंत्रों के महत्व को बताते हुए गेड़ी चढ़कर पूजन करके आयोजन में उत्साह बढ़ाया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने कहा कि छत्तीसगढ़ का प्रथम त्यौहार हरेली है। हरेली के दिन घरों में विशेष व्यंजन चीला बनाकर औजारों में चढ़ाकर इसकी पूजा किया जाता है, आज महाविद्यालय में भी औजारों की पूजा किया गया। बेस्ट प्रैक्टिस सेल प्रभारी प्रो. प्रीति इंदौरकर ने उपस्थित सभी को हरेली पर्व की शुभकामनाएं दी और बताया कि जिस प्रकार हरियाली हमारे जीवन में सुख समृद्धि लाता है वैसे ही हरेली हमारे मन में हरियाली लाता है इस प्रकार से बड़े ही हर्षोल्लास के साथ यह त्यौहार मनाया गया। आयोजन में सभी विद्यार्थी और प्राध्यापक हरेली के प्रतीक हरे रंग के वस्त्र में आयोजन में सम्मिलित हुए।

# पूरी दुनिया शिव का ही परिवार है, भेद हमारे में, खून का रंग एक-कृष्णा दीदी

छुईखदान (दावा)। मेरी आयु बेहत्तर वर्ष की हो गई है गत बियालीस सालों से हर श्रावण मास पर बोल बम की पैदल यात्रा सहित गंगोत्री यमुनोत्री का जल लेकर रामेश्वरम तक पैदल यात्रा सहित अनेंको ज्योतिर्लिंगों की पदयात्रा सहित पाकिस्तान तक कटासराज शिव जी एवं हिंगलाज माता का दर्शन सहित लगभग पचास हजार किलोमीटर तक की यात्रा पूरी कर ली है यह सब भगवान भोलेनाथ की कृपा से ही संभव हो पाया है।

परन्तु जीवन के इस पड़ाव तक पहुचने तक मेरा अनुभव रहा है। कि यह पूरी दुनिया भगवान शिव का ही परिवार है हम सब जाति रंग धर्म देश प्रदेश से अलग तो हो सकते हैं परन्तु जब हमारे खून देखेंगे तो वह लाल ही रहता है यही मानव का मानव के प्रति एक होने का सच्चा प्रमाण है हमें पूरी मानवता के साथ व्यक्तिगत सदभावना के साथ मिलजुलकर रहना चाहितए तथा खासकर माताओं से अनुरोध करना चाहती हूं कि अपने छोटे बच्चों में शिक्षा के साथ ही संस्कार को भी सिखाएं ताकि भारत की सांस्कृतिक विरासत बनी रहे।

उक्त बाते यहां सौभाग्य से पधारे पूरे देश में अपनें नाम के अनुरूप कृष्णा बम के नाम से ख्यातिप्राप्त कृष्णा दीदी ने कही, आपने बताया कि जब वे श्री कटासराज के दर्शन के लिए पाकिस्तान गई थी तब उनका मुलाकात छ.ग. के कवर्धा शहर के निवासी एवं पंच कैलाशी पं.राजेश शुक्ला से हुई वहीं पर हमने एक दूसरे को भाई बहन के पवित्र रिश्ते से जोड़ लिया भाई का आग्रह था कि आप छ.ग. की धरा पर पधारें, संतों की तपस्थली एवं मां नर्मदा की प्रकटस्थली अमरकंटक से नर्मदा का जल लेकर कवर्धा स्थित प्राचीन बूढ़ा महादेव मे अर्पण किए जाना है। तो हम प्रभु महादेव की सेवा मे उपस्थित होकर पूना जा रहे थे तभी दूरभाष से पता चला कि वैष्णव राजाओ की भूमि छुईखदान से सैकड़ों की तादाद मे कांवरिए भाई बहन प्रतिवर्ष भगवान शिव की सेवा मे बाबा धाम पहुंचते हैं और उन्ही की ओर से हमारा अभिनंदन किया जाने से अभिभूत हूं। मेरा सारा आशीष आप सब के साथ है आप भी बगैर डरे कटासराज की



कटासराज का दर्शन करने का आनंद ही कुछ और है डाक बम के नाम से पूरी दुनिया में प्रसिद्धि मिली

दर्शन के लिए पाकिस्तान जाइए, भगवान शिव आप सभी को अपनी कृपा की छांव मे बनाए रखें छ.ग.मुख्य रूप से शिव भगवान के ही परिवार के समान है क्योंकि शिव परिवार का सदस्य लड़ाई झगड़ा में विश्वास नही करता, बल्कि पूरे सादा जीवन उच्च विचार के साथ रहते हैं यहां के कण कण मे शिव विराजते हैं।

श्री कृष्णा दीदी को नगर के धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं की ओर से अभिनंदन का अवसर दिलाए जाने के लिए नगर की प्रतिनिधि सामाजिक सेवाभावी संस्था जय जगन्नाथ सेवा समिति की ओर से पंच कैलासी कवर्धा निवासी पं.राजेश शुक्ला के माध्यम से आग्रह किया गया था,जिनके नगर आगमन की खबर सुनते ही नगर पंचायत अध्यक्षा श्रीमती पार्तिका संजय महोबिया की ओर से नगर पंचायत प्रांगण में कृष्णा दीदी का स्वागत एवं नगर एवं क्षेत्र से पधारे श्रद्धालुओं भक्तों मां दुर्गा मानस मंडली के सदस्य बहनों, आदर्श महिला मंडल के सदस्यों भजन मंडली कडरापारा के सदस्यों, योग समिति के सदस्यगणों सहित वर्षो से संजय महोबिया के नेतृत्व में बोलबम की यात्रा करनें नौजवानों सहित रियासत के कुमार देवराज किशोर दास, जगन्नाथ सेवा समिति के अध्यक्ष आदित्यदेव वैष्णव एवं जिला प्रेस ब्लब के अध्यक्ष सज्जाक खान सचिव नितिन भांण्डेकर नीलम वैष्णव सदस्यगणों नगर की प्रमुख सेवाभावी संस्था प्रेरणा के सदस्यों से सामूहिक एवं व्यक्गित मुलाकात कर अपने अनुभाव साझा करती रहीं साथ ही स्वल्पाहार होता रहा तत्पश्चात दीदी विवेकानंद सस्कार स्कूल एवं रियासत के राजमहल स्थित भगवान श्री कृष्ण एवं मां काली मंदिर के दर्शन का लाभ लेते हुए लोगों से रूबरू होती रही, जिससे पूरे नगर का वातावरण धर्ममय होकर उत्साहजनक हो गया था। कृष्णा दीदी ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि वे भी एक कर्मचारी रही हैं उसके बाद भी वे अपने पारिवारिक जवाबदारियों का पूरा पूरा निर्वहन किया है अपने बच्चों में उत्तम संस्कारों को रोपित किया है आज वे अपनें नाती पोतों के लिए भी समय निकालती है उनके साथ समय साझा करती हैं कहने का अर्थ यह है कि हमारे समाज की माताएं बहने यदि चाहें तो आज भी अपने पारिवारिक एवं नौकरीशुदा जवाबदारियों का निर्वहन करते हुए धर्म के लिए भी समय निकाल कर समाज एवं परिवार को उत्तम दिशा दे सकते हैं। आपने बताया कि आने वाले दिसम्बर माह मे वे पुनः कटासराज के दर्शन करने के लिए पाकिस्तान की यात्रा पर जा सकतीं है। उक्त अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पार्तिका महोबिया, संजीव दुबे, छासेटे राजा देवराज, किशोर दास, आदित्य देव वैष्णव, संजय महोबिया, शैलेन्द्र तिवारी, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष रज्जु महोबिया, मनोज वैष्णव, पियूष महोबिया, राजकुमार वैष्णव, श्रीमती किरण गुप्ता, कमलेश यादव, विद्याकांत महोबिया, श्रीमती आशा महोबिया, गिरीश सेन, संजय तिवारी, डॉ. भद्र आलोक बक्शी, सचिन महोबिया, भरत कुंभकार, सोहन पाल, सहित नगरवासी उपस्थित थे।

# एक पेड़ मां के नाम भारत सरकार के सराहनीय पहल को आगे बढ़ाने का प्रयास



हरदी (दावा)। राजनांदगांव दक्षिण मंडल शक्ति केंद्र 14 के बूथ क्रमांक 155, 156 में बुधवार को शिवनाथ वार्ड नंबर 51 हरदी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में सांसे हो रही कम आओ पेड़ लगाए हम थीम पर एक पेड़ मां के नाम से पौधारोपण किया गया। पेड़ हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

इसके बिना हमारा जीवन अधूरा सा लगता है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को सुरक्षित और संरक्षित करना है। पेड़ लगाना, जलवायु परिवर्तन को नियंत्रण करने, वायु की गुणवत्ता में सुधार करने और जैव विविधता को बढ़ाने में सहायता होती है। एक पेड़ मां के नाम अभियान न केवल पर्यावरणीय संरक्षण को प्रोत्साहित करता है बल्कि मातृप्रेम और पारिवारिक मूल्य को भी बढ़ावा देता है, हमें इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए ताकि हम अपनी मां और पृथ्वी दोनों को सम्मानित कर सके।

पौधारोपण अभियान में प्रमुख रूप से शक्ति केंद्र संयोजक कमलेश प्रजापति, शक्ति केंद्र सहसंयोजक चंद्रकृत साहू, प्राचार्य कमल नारायण सिंह, शाला विकास समिति के अध्यक्ष सतानंद साहू, बूथ अध्यक्ष डिंपल श्रीवास, बूथ अध्यक्ष सुनील साहू, शिव साहू, योगी राम साहू, गोपी साहू, सुकालु निषाद, रूप लाल साहू, छन्नू साहू, पोलसाय साहू, सुरेश यादव, शिक्षकगण और गणमान्य नागरिकगण के उपस्थिति में पौधारोपण किया गया।

# मां बहुला गाय की कथा का आयोजन

हरदी (दावा)। ग्राम खामतराई (पिनकापार) में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां बहुला गाय की कथा का आयोजन हुआ जिसमें पूरे ग्रामवासी के सहयोग से गांव में त्योहार मनाया गया और गौठान में गायों को चारा देकर उनका पूजा किया गया और शिव मंदिर में रामायण में बहुला गाय की कथा को विचार क्रांति मानस परिवार द्वारा जन मानस के बीच रखकर बहुला गाय की कथा की महिमा का बखान किया गया। गांव के गणमान्य नरतु राम साहू ने बताया कि यह बहुला चौथ की कथा लगभग 90 वर्षों से इस गांव में लगातार मनाया जा रहा है जो हमारे गांव के पूर्वजों द्वारा चालू किया गया था जो अब तक हमारे गांव में मनाया जा रहा है। बताया गया कि हमारे अंचल में ग्राम खामतराई बहुला चौथ की कथा आयोजित करने वाला पहला गांव है।



इस आयोजन में प्रमुख रूप से रुमन लाल बघेल, रामचंद्र साहू, कोमन लाल साहू, सुरीत राम, ईश्वर लाल, लीलाधर, खोमन लाल, सेवंत लाल, ठाकुर राम, खोमेंद्र, ज्ञानिक, अंकलहा राम, गणेश, ग्राम प्रमुख हिरमन लाल साहू उपस्थित रहे। यह जानकारी कृष्णकांत साहू द्वारा प्रेषित की गई।

## पौराणिक मान्यताएं

बहुला चतुर्थी व्रत से संबंधित एक बड़ी ही रोचक कथा प्रचलित है। जब भगवान विष्णु का कृष्ण रूप में अवतार हुआ तब इनकी लीला में शामिल होने के लिए देवी-देवताओं ने भी गोप-गोपियों का रूप लेकर अवतार लिया। कामधेनु नाम की गाय के मन में भी कृष्ण की सेवा का विचार आया और अपने अंश से बहुला नाम की गाय बनकर नंद बाबा की गौशाला में आ गई।

भगवान श्रीकृष्ण का बहुला गाय से बड़ा स्नेह था। एक बार श्रीकृष्ण के मन में बहुला की परीक्षा लेने का विचार आया। जब बहुला वन में चर रही थी तब भगवान सिंह रूप में प्रकट हो गए। मौत बनकर सामने खड़े सिंह को देखकर बहुला भयभीत हो गई। लेकिन हिम्मत करके सिंह से बोली, हे वनराज मेरा बछड़ा भूखा है। बछड़े को दूध पिलाकर मैं आपका आहार बनने वापस आ जाऊंगी।

सिंह ने कहा कि सामने आए आहार को कैसे जाने दूं, तुम वापस नहीं आई तो मैं भूखा ही रह जाऊंगा। बहुला ने सत्य और धर्म की शपथ लेकर कहा कि मैं अवश्य वापस आऊंगी। बहुला की शपथ से प्रभावित होकर सिंह बने श्रीकृष्ण ने बहुला को जाने दिया। बहुला अपने बछड़े को दूध पिलाकर वापस वन में आ गई।

बहुला की सत्यनिष्ठा देखकर श्रीकृष्ण अत्यंत प्रसन्न हुए और अपने वास्तविक स्वरूप में आकर कहा कि 'हे बहुला, तुम परीक्षा में सफल हुई। अब से भाद्रपद चतुर्थी के दिन गौ-माता के रूप में तुम्हारी पूजा होगी। तुम्हारी पूजा करने वाले को धन और संतान का सुख मिलेगा।'

# तालाब में नहाने गई महिला से रास्ते में मारपीट, मामला दर्ज

डोंगरगढ़(दावा)। गांव के तालाब में नहाने गई महिला के साथ घर वापसी के दौरान रास्ते में मारपीट करने का मामला सामने आया है। प्रार्थी दलेश्वर कुमार सिन्हा पिता कचरू राम सिन्हा ने पुलिस को बताया कि, वह ग्राम जामरी का निवासी है। सीएचसी सेंटर का संचालन करता है। दिनांक 19 अगस्त को 11 बजे वह अपने घर में था।

उसी समय मेरे पिता कचरू राम सिन्हा ने मुझे आवाज दिये कि मेरी भाभी तालाब में नहाने गयी थी, वहां से वापस आ रही थी, तो यशवंत कुमार सिन्हा एवं उसकी पत्नी रोहनी सिन्हा द्वारा उसके साथ मारपीट किया जा रहा है। तो मैं बाहर निकलकर देखा यशवंत सिन्हा एवं रोहनी सिन्हा के द्वारा एक राय होकर मेरी भाभी फुलबाई को मां बहन की गंदी-गंदी गाली देकर जो मुझे सुनने में बहुत बुरा लगा जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्को से मारपीट किये। जिससे मेरी भाभी फुलबाई को होठ, नाक, चेहरा, दाहिने पसली में चोंट दर्द है। उसके बाद गांव के अन्य लोग आ गये तो यशवंत सिन्हा एवं रोहनी बाई सिन्हा अपने घर चले गये कि मारपीट करते हेमलाल कुर्मी, डाकेश्वर सिन्हा देखे सुने है। पुलिस ने मामले को विवेचना में लिया है।

## पंडवानी पार्टी का गठन

कल्लूबंजारी (दावा)। समीपस्थ ग्राम रेंगाकठेरा में जय माँ सरस्वती 36 गढ़ी पंडवानी का गठन किया गया है जिसमें अध्यक्ष दुर्गा यादव, उपा. भवनसिंग ठाकूर, अगेश्वर कुमार सचिव, देश्वर कोर्राम, टोमनलाल, शेखर यादव कुंवरसिंग, विक्की यादव आदि शामिल है।

# भाजपा जिला कार्यालय जुगेरा में सदस्यता अभियान कार्यशाला 2024 की बैठक संपन्न

बालोद (दावा)। कल 21 अगस्त भाजपा जिला मुख्यालय में सदस्यता अभियान को लेकर 2024 कार्यशाला की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई, इस बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा उपस्थित रहे व जिला अध्यक्ष पवन साहू ने भी संबोधित किया व सदस्यता अभियान के जिला संयोजक जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव ने भी तीनों विधानसभा से आए कार्यकर्ताओं को इस विषय में जानकारी दी।

कार्यक्रम का उद्घाटन भारत माता, दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर शुरुआत की गई। प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा-इस सदस्यता अभियान को सर्वस्पर्शी सदस्यता अभियान कार्यशाला 2024 मैं अपनी बात रखते हुए कहा कि 6 अप्रैल 1980 को जनसंख्या की स्थापना हुई इनके संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी थे, भाजपा की स्थापना 6 अप्रैल 1980 को आधिकारिक रूप से हुई 1984 में केवल दो सेट लोकसभा में आई इसके बाद 1996 के चुनाव तक आते-आते पार्टी पहली बार लोकसभा में सबसे बड़े दल के रूप में ऊभरी, भाजपा एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है, जो भारत को एक सुदृढ़, समृद्ध, एवं विकासशील देश बनाने प्रणरत है। भाजपा के प्रथम अध्यक्ष श्रद्धा अटल बिहारी वाजपेई निर्वाचित हुए 1925 से संगठन का विस्तार शुरू हुआ जो अभी तक जारी है और 2025 को यह संगठन उत्सव वर्ष पूर्ण हो जाएंगे नीलू शर्मा ने सदस्यता को लेकर कहा 6 वर्षों के लिए सदस्यता का काम करना है सभी के सदस्यता शून्य हो चुकी है 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले फोन में मिस कॉल देकर पहले सदस्य बनें थे, 2019 में इसी बीच करोना के चलते यह काम अधूरा रहा, अब हमें 10 वर्षों बाद यह सदस्यता अभियान को हम सब मिलकर एक महापर्व की तरह मनाएगें। सभी सांसद, सभी प्रदेश पदाधिकारी, सभी विधायक, सभी जिला पदाधिकारी, सभी जिला पंचायत प्रतिनिधि गण, सभी पंचायत प्रतिनिधि गण,




- बैठक में प्रमुख रूप से बैठक लेने पहुंचे प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा
- भाजपा की सदस्यता अभियान की शुरुआत 1 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रथम सदस्य बनने के साथ होगी
- राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के द्वारा प्रथम सदस्य प्रधानमंत्री मोदी जी को बनाकर इस अभियान की शुरुआत करेंगे

सभी पार्षद गण, सभी सरपंच गण, सभी को एक टारगेट दिया जाएगा, साथ ही प्रत्येक कार्यकर्ता को भी सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

विरोधियों को मतदाता, मतदाता को सदस्य, सदस्य को सक्रिय सदस्य बनाना है, महतारी वंदन की बहनों को सदस्य बनाना है, सबसे पहले कमजोर बूथों पर जाकर काम करना है, वहां ध्यान देकर सदस्य बनाना, में 22 लाख सदस्य बनायें थे। 2019 में 9 लाख 40 हजार बने थे, अभी वर्तमान में 31 लाख 40 हजार सदस्य हैं।

हमें इसे दुगुना लक्ष्य लेकर सदस्य बनाना है।

सर्वप्रथम प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी की सदस्यता के साथ ही प्रदेश में यह शुरुआत की जाएगी, प्रदेश से जिले में और फिर सभी मंडलों से लेकर बूथ तक यह अभियान चलेगा। हर बूथ में 200 सदस्य बनाना है, जिस बूथ में जो भी कार्यकर्ता वह चाहे प्रदेश पदाधिकारी हो या जिला पदाधिकारी हो सभी को इस अभियान में काम करना है।

जिला अध्यक्ष पवन साहू ने कहा हमारी पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है, सबसे ज्यादा कार्यक्रम इसी पार्टी में होते हैं, स्वतः सब की सदस्यता समाप्त हो चुकी है, फिर से इस अभियान में तन मन लगाकर इसे पूरा करना है, अच्छे मन से अच्छे भाव के साथ लोगों के पास जाकर यह काम करना है, आगामी 26, 27, 28 अगस्त को मंडलों में बैठक होगी। फिर हर शक्ति केंद्र में और हर बूथ स्तर तक बैठक होगी, मोदी जी सदस्यता लेंगे राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा के माध्यम से और इसी समय 75 लाख सदस्य बनेंगे, 10 साल बाद हमें यह पर्व मनाने का मौका मिला है, इसे महापर्व के रूप में धूमधाम से मनाया जाएगा द्य।

कार्यक्रम के जिला संयोजक राकेश छोटू यादव ने इस विषय पर अपनी बात रखते हुए कहा की सदस्यता अभियान एक महापर्व के रूप में मनाना है, हर मंडल हर बूथ में अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर हर बूथ में कम से कम 50 प्रतिशत लोगों को जोड़ना है, जिन्हें महतारी वंदन से लेकर सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है, सभी को इस अभियान में शामिल करना है, 2024 में संविधान में संशोधन करके प्रस्ताव लिया गया है, ऑनलाइन चालू किया गया है, 18 वर्ष से ऊपर का व्यक्ति ही सदस्यता ले सकता है, भाजपा की विचारधारा को बता कर ही सदस्य बनना है, हर घर सदस्यता करना है। इस कार्यक्रम का संचालन महामंत्री अध्यक्ष देशमुख ने किया व आभार पार्षद व अभियान के सदस्य कमलेश सोनी ने किया।

# कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव की गिरतारी भाजपा की बौखलाहट एवं राजनीतिक षड़यंत्र- दलेश्वर साहू

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर डोंगरगांव विधायक व प्रेस वार्ता प्रभारी दलेश्वर साहू ने कहा कि भिलाई के कांग्रेस विधायक देवेन्द्र यादव की गिरफ्तारी भाजपा की बौखलाहट को दर्शाता है। उनकी गिरफ्तारी भाजपा का राजनीतिक षड़यंत्र है। कांग्रेस पार्टी द्वारा इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कांग्रेस के विधायक श्री यादव की गिरफ्तारी के विरोध में आज 24 अगस्त शनिवार को वरिष्ठ कांग्रेस नेता रविन्द्र चौबे के नेतृत्व में शहर के महावीर चौक में फ्लाई ओवर के नीचे कांग्रेस द्वारा धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जहां सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस के नेता व कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे।

प्रेस वार्ता में उपस्थित जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू, डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा, महापौर हेमा देशमुख, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता श्रीकिशन खंडेलवाल, कमलजीत सिंह पिंटू आदि ने बताया कि बलौदा बाजार के सतनामी समाज के आस्था के केंद्र में शासन-प्रशासन की लापरवाही व सरकार की इंटेलीजेंट के फेल हो जाने के कारण आगजनी जैसी भयावह घटना घटी है। अब प्रदेश की भाजपा सरकार राजनैतिक द्वेष व दुर्भावनावश भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के निर्वाचित विधायक देवेन्द्र यादव सहित युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं पर विभिन्न धाराओं पर एफ.आई.आर. दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

**शहर में आज गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन**




प्रेसवार्ता प्रभारी दलेश्वर साहू ने कहा कि बलौदा बाजार के मामले को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर हुई बदनामी से अपनी नाकामी छुपाने, तथा विपक्ष के नेताओं को बदनाम करने के लिए. भाजपा कांग्रेस के लोगों को परेशान कर रही है। उन्हें गिरफ्तार किया जा रहा है। भाजपा द्वारा की जा रही इस तरह की गिरफ्तारी को एक सुनियोजित साजिश बताते हुए विधायक साहू कहा कि विधायक देवेन्द्र यादव बलौदाबाजार में न तो भाषण दिये और ना ही प्रदर्शन में शामिल हुए सिर्फ वे भीड़ में पांच मिनट रूककर वापस आ गये थे। कहीं भी किसी हिंसक घटना उनके संलिप्तता का कोई भी साक्ष्य नहीं और न ही वे किसी भी प्रकार की घटना शामिल थे। पुलिस उसको गलत ढंग से गिरफ्तार किया है।

महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने कहा कि पत्रकारों को गलत तरीके से फंसाने उनकी गाड़ी में गांजा रखा जाता है। विपक्ष के विधायक को झूठे मुकदमें में फंसा कर गिरफ्तार किया गया।

विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने कहा कि बलौदाबाजार के मामले में सतनामी समाज और कांग्रेस के लोगों को चिन्हांकित करके उनको जेलों में डाला गया। कांग्रेस भाजपा सरकार के इस क्षण और मजबूती के सरकार के खिलाफ जनता की आवाज उठायेंगे। उन्होंने कहा कि साय सरकार की अकर्मण्यता के चलते बलौदाबाजार में क़ानून व्यवस्था बिगड़ी है। वहां हुई आगजनी की भयावह घटना को उन्होंने शासन-प्रशासन की बड़ी लापरवाही व सरकार की इंटेलीजेंट के फेल हो जाना बताया। यदि समय रहते सरकार व प्रशासन सचेत हो जाता व समाज के द्वारा सीबीआई जांच की मांग को पूर्व में ही मान लेता तो प्रदेश को शर्मसार करने वाली घटना से बचा जा सकता था। प्रेस वार्ता में उत्तर व दक्षिण ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष आसिफ अली व सूर्यकांत जैन, जनपद सदस्य टिकेश महेन्द्र यादव, सनी ग्रेवाल आदि कांग्रेसीजन उपस्थित थे।

# चिखली वार्ड में विदेशी मदिरा दुकान का संचालन नहीं करने महापौर हेमा देशमुख ने पार्षदों के साथ सौपा ज्ञापन

राजनांदगांव (दावा)। महापौर हेमा देशमुख एवं पार्षद वार्ड क्रमांक 6 पार्षद वार्ड क्रमांक 8 पार्षद वार्ड क्रमांक 14 पार्षद वार्ड क्रमांक 10 पार्षद वार्ड क्रमांक 4, वार्ड क्रमांक 32 के पार्षद ने सब मिलकर पटरी पार खुल रहे शराब दुकान का विरोध किया।



पूर्व में भी रेवाडीह की विदेशी शराब दुकान को चिखली लाने की कोशिश की जा चुकी है जिसका पूर्व में भी स्थानिया पार्षदों द्वारा विरोध किया जा चुका है और अब फिर विदेशी शराब दुकान खोलने की कोशिश चिखली में की जा रही है भाजपा एक और जहां शराब बंदी की बात करती है वहीं दूसरी ओर सत्ता में आते ही तेजी से शराब दुकान खोल रही है , साथ ही शहरों में शराब बिक्री कोचियों के माध्यम से तेजी से बढ़ती जा रही है, वहां पर हेमा देशमुख ने कहा कि अगर शराब दुकान खोली जाएगी तो पुरजोर विरोध किया जाएगा।

इस घटना से चिखली, ढाबा, शांति नगर, गौरीनगर, स्टेशन पारा, शिक्षक नगर, राम नगर, शंकरपुर, महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड एवं यहां की जनता इस निर्णय से आक्रोशित है अतःयहां पर विदेशी मदिरा की दुकान ना खोली जाए। इस कार्यक्रम में उपस्थित महापौर परिषद के सदस्य विनय झा, मधुकर बंजारे, दुलारी साहू, पार्षद अरविंद वर्मा ,पूर्णिमा नागदेव, पूर्व एंडरमैन प्रतिमा बंजारे, सुरेंद्र देवांगन और भी साथी उपस्थित होकर अपर कलेक्टर इंदिरा देवहरी जी को ज्ञापन देकर कलेक्टर के पास अपनी बात पहुंचने की बात कही वा शराब भट्ठी न खुलने की बात कही अन्यथा उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# मधुसूदन को आशीर्वाद देने स्वयं पधारे पंथ श्री हुजूर अर्धनाम साहेब

**1008 पंथ श्री हुजूर अर्धनाम साहेब ने दोहे के रूप में पूर्व सांसद मधु को आशीर्वाद दिया**



राजनांदगांव (दावा)। पूर्व सांसद एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव का जन्मोत्सव हो तो उनके समर्थक और चाहने वाले स्वस्फूर्त आयोजन कर प्रतिवर्ष उसे त्यौहार एवं उल्लास का पर्व बना देते हैं, किन्तु इस वर्ष उनके जन्मोत्सव को काशी लहरतारा के संत एवं धर्मगुरू पूज्य आचार्य कबीरपंथ 1008 पंथ श्री हुजूर अर्धनाम साहेब ने स्वयं उनके घर पधार कर अविस्मरणीय बना दिया। पूर्व सांसद के पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि वारासिवनी से राजनांदगॉव होकर पंथ मंडली के साथ खरसिया जा रहे पंथ श्री हुजूर साहेब को फ्लैक्स एवं बैनरों के माध्यम से ज्योंही पूर्व सांसद मधुसूदन के आज जन्मदिन होने की सूचना प्राप्त हुई, वे प्रातः मधुसूदन यादव के मोतीपुर स्थित निवास पहुॅचे।

पंथ श्री हुजूर साहेब के साथ संतोष साहेब, विनोद साहेब, धीरज साहेब उपस्थित भी रहे। स्थानीय यजमान धरमदास साहू, फलेश साहू, महेश साहू की अगवानी में पधारे हुजूर साहेब का निज निवास पर मधुसूदन यादव, उनकी धर्मपत्नी करूणा यादव, पुत्र रिभय एवं शौर्य यादव, अग्रज राजेन्द्र यादव एवं अन्य परिजनों ने स्वागत सत्कार किया । पूर्व सांसद ने भावविभोर होकर हुजूर साहेब का अपने घर पर सपरिवार फूलमालाओं एवं पुष्पगुच्छ से आत्मीय स्वागत किया । पश्चात् उन्हें यथेष्ट आसन पर बिठाकर आरती की थाली सजाकर पंथी श्री साहेब की सपरिवार आरती उतारी गई जिसकें पश्चात् चरण वंदना कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। हुजूर अर्धनाम साहेब ने पूर्व सांसद मधुसूदन को हमेशा गरीबों एवं जरूरतमंदों की सेवा करने का आशीर्वाद प्रदान करते हुए उपदेश स्वरूप संत कबीर का यह दोहा सुनाया-

**जो तू आया जगत में,**
**जग हॅसे तू रोये।**
**ऐसी करनी कर चलो,**
**तू हॅसे जग रोये।।**

पंथश्री ने पूर्व सांसद मधु को कहा कि आप संत कबीर साहेब के आदर्शो पर चलते हुए जनकल्याण और परोपकार कर रहे है, इसे निरंतर जारी रखें। पंथ श्री हुजूर ने पूर्व सांसद को जन्मदिन की बधाई एवं आशीर्वाद देते हुए कहा कि अपने कृत्यों से आप सदैव लोगों के दिलो पर राज करेंगे। पूर्व सांसद मधुसूदन को आशीर्वचन देते हुए पंथ श्री साहेब ने यह भी कहा कि आपको आजीवन उन्नति, यश, कीर्ति, वैभव, सुख एवं समृद्धि प्राप्त होगी, क्योंकि जीवन में पाता वहीं है, जो हमेशा दूसरों को देता रहता है। पूर्व सांसद ने पंथ श्री के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करते हुए कहा कि अपने जन्मदिवस पर पंथ श्री हुजूर अर्धनाम साहेब का सानिध्य एवं आशीर्वाद पाकर मैं हर्ष से अभिभूत हो गया हूॅ और मेरा आज का जन्मदिन सार्थक एवं अविस्मरणीय बन गया है, जिसके लिये मैं उनका हृदय से आभारी हूॅ और पंथश्री के बताये गये मार्ग का आजीवन अनुसरण करने का प्रयास करूॅगा।

## मधुसूदन का जन्मदिन धूमधाम से मना



राजनांदगांव (दावा)। पूर्व सांसद और प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव का जन्मदिन इस वर्ष भी पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शहर भर में बैनर और पोस्टरों से सजावट की गई और पूरे दिन कार्यकर्ताओं और आम जनता का तांता लगा रहा।

जनता के बीच जननायक के रूप में मधुसूदन यादव ने अपने जन्मदिन की शुरुआत मंदिर में दर्शन कर की। इसके बाद वे मोतीपुर स्थित वृद्ध आश्रम पहुंचे, जहां उन्होंने वृद्धजनों का आशीर्वाद लिया और उनके साथ समय बिताया। इस अवसर पर मोतीपुर में वृक्षारोपण का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें मधुसूदन यादव ने पौधारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पूरे राजनांदगांव में जगह-जगह चौक-चौराहों पर कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया और जन्मदिन का जश्न धूमधाम से मनाया गया। जनता और कार्यकर्ताओं ने उनके स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की और पूरे दिन बधाई संदेशों का सिलसिला चलता रहा।

# पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को कोसरिया यादव समाज ने जन्मदिन पर दी बधाई



राजनांदगांव (दावा)। आज पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का अवतरन दिवस भिलाई स्थित निवास पर मनाया गया। जिसमें प्रदेशभर से आये हुवे कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों, विधायकगण व महापौर तथा कांग्रेस पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता, साथ ही विभिन्न समाजिक संगठन के पदाधिकारियों ने जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाये दी।

इसी प्रकार गौ सेवा आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष मन्ना यादव, भोला यादव के नेतृत्व में राजनांदगांव कोसरिया यादव समाज ने छत्तीसगढ़िया पांरपरिक पहनावा डंडा, खुमरी, पट्टा पहनाकर जन्मदिन की बधाई व शुभकामनाएं दी।


**आवश्यकता है**

रात्रिकालिन चौकीदार एवं हेल्पर की आवश्यकता है।

-: संपर्क करें :-
दैनिक दावा
बल्देव बाग, राजनांदगांव
मो. 9300414726







स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com